● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 174, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 03 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



नितिन गडकरी ने साफ-साफ बोलने की वकालत की 5

ईस्ट जोन टीम के कप्तान बने ईशान किशन 6

## स्वदेशी अपनायें, स्वाध्यायी बनें, समय का प्रबंधन करें और हमेशा कुछ बड़ा करने की सोचें : डॉ. यादव

### खरगौन के कपास और मिर्ची आधारित रोजगारपरक उद्योगों के लिए सरकार दे रही है सहायता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में युवाओं का सबसे बड़ा योगदान होगा। इतिहास गवाह है कि क्रांतियों के सूत्रधार हमेशा युवा ही रहे हैं। भारत और मध्यप्रदेश को विकसित बनाने में हमारे युवाओं को अपनी असीम ऊर्जा का देश और समाज के नवनिर्माण में समुचित उपयोग करना सीखना होगा। यह हमारी जिम्मेदारी भी है और जरूरत भी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे देश से प्रेम करें। अपने ज्ञान, प्रतिभा का यहीं पर प्रदर्शन कर माटी का कर्ज चुकायें। उन्होंने युवाओं को प्रगति का मार्ग बताते हुए कहा कि युवा स्वदेशी अनपाने की ओर बढ़ें, रोजाना



स्वाध्याय करें। अपने समय का समुचित तरीके से प्रबंधन करें जिससे एक-एक मिनिट का उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में कुछ बनना है तो हमेशा बड़ा करने की सोचें, बड़े सपने देखें और इन सपनों को पूरा करने के लिए प्राण-प्रण से जुट जायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को खरगौन में रेनेसां ग्रुप इंदौर द्वारा स्थापित अभ्युदय विश्वविद्यालय के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन एवं परिसर में श्रीराम दरबार की स्थापना कर विश्वविद्यालय का विधिवत् शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विक्रम परमार को उनकी समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया।

विश्वविद्यालय के छात्रों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन मांगा। कंप्यूटर साइंस के छात्र निखिल यादव ने मुख्यमंत्री से पूछा कि विकसित भारत 2047 की अवधारणा में मध्य प्रदेश के युवा अपनी क्या भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि युवा अपनी पसंद के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करें और आदर्श किसान, शिक्षक, उद्योगपति अथवा राजनेता बनने का सपना देखें। आपके सपने सच करने के लिए राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है। कृषि विज्ञान की छात्रा सीमा यादव ने पूछा कि जनजातीय समुदाय में आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि खरगोन जिले में दो कृषि विद्यालयों की स्थापना कर उन्नत खेती के गुर सिखाए जा रहे है। मिर्ची एवं अन्य स्थानीय कृषि उत्पादों के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तथा टेक्सटाइल उद्योग लगाने में सरकार सहायता दे ही है।

एमबीए के छात्र मयंक अधिकार ने मुख्यमंत्री से उनकी व्यस्त दिनचर्या के प्रबंधन कौशल के बारे में जानना चाहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्याप्त नींद लेना, अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखन और प्रतिदिन पुस्तकें पढ़ कर नया सीखने की आदत डालना सफलता की कुंजी है। विद्यार्थी अपने लक्ष्यों के लिए चरणबद्ध रूप से काम करें और उन्हें समय पर पूरा करने के प्रयास करें।

## महादेव के आशीर्वाद से पूरा हुआ ऑपरेशन सिंदूर: पीएम

**वाराणसी।** वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2200 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को भोजपुरी में संबोधित किया। इसके बाद सरकार की योजनाओं का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जिले के सेवापुरी स्थित बनौली गांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भगवान महादेव के चरणों में समर्पित किया। उन्होंने कहा कि महादेव के आशीर्वाद से ही यह ऑपरेशन सफल हो सका है।

भाषण के दौरान पीएम मोदी ने विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की जा रही अनर्गल बयानबाजी के



खिलाफ तीखा हमला बोला। उन्होंने देश की एकता और आत्मनिर्भर भारत की ताकत पर जोर देते हुए विपक्ष को आड़े हाथों लिया।

जनसभा में हजारों की संख्या में उपस्थित जनता के बीच पीएम मोदी ने अपना उद्बोधन नम" पार्वती पतये हर हर महादेव% से शुरू किया। भोजपुरी में बोलते हुए उन्होंने कहा, सावन के पावन महीने में आज हमके काशी के हमरे परिवार के लोगन से मिले क अवसर मिलल हौ। हम काशी के हर परिवार जन के प्रणाम करत हई। उन्होंने बताया कि आज काशी से देशभर के लाखों किसानों से जुड़े हुए हैं और सावन का महीना तथा काशी जैसा पवित्र स्थान होने से इससे बड़ा सौभाग्य कुछ नहीं हो सकता।

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद वे पहली बार काशी आए हैं। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उस हमले में 26 निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पीएम मोदी ने कहा कि हमले में मारे गये लोगों के परिवार की पीड़ा, बच्चों का दुख, बेटियों की वेदना ने मेरा हृदय बहुत तकलीफ से भर दिया था। तब मैं बाबा विश्वनाथ से मना रहा था कि सभी पीड़ित परिवारों को ये दुख सहने की हिम्मत दे।

## जलवायु परिवर्तन पर कोर्ट सख्त

### कार्बन उत्सर्जन से निपटने के लिए ऊर्जा मंत्रालय को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिजली उत्पादन से होने वाले कार्बन उत्सर्जन की समस्या से निपटने के लिए सभी संबंधित पक्षों को एक साझा मंच पर आना होगा। कोर्ट ने ऊर्जा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) और केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के साथ संयुक्त बैठक बुलाकर इस दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करे। कोर्ट का मानना है कि नीति निर्धारकों को जमीनी वास्तविकताओं से जोड़े बिना उत्सर्जन की चुनौती को दूर नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने 22 जुलाई के



अपने आदेश में कहा कि बिजली उत्पादन से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी स्टेकहोल्डर एक ही मंच पर आकर योजना बनाएं और उसे सुसंगत रूप से लागू करें। कोर्ट ने इस मुद्दे पर नीति बनाने वालों और क्रियान्वयन एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता भी जताई। यह निर्देश उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आया जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के एक आदेश से संबंधित है। एनजीटी ने पर्यावरण मंजूरी देने से पहले जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रभावों का मूल्यांकन करने की मांग को लेकर आदेश पारित किया था। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीईए और सीईआरसी को मामले में पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किया और ऊर्जा मंत्रालय को चार सप्ताह में योजना पर आधारित एक संयुक्त हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने 21 फरवरी 2025 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन अब एक वैश्विक संकट बन चुका है, जो केवल पर्यावरणीय क्षरण तक सीमित नहीं है।

## दिल्ली विधानसभा पेपरलेस हुई : रेखा

### विधायक दल की मीटिंग के बाद सीएम रेखा बोलीं, सोलर पैनल आज लॉन्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को विधायक दल की बैठक हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा पेपरलेस हो गई है। साथ ही रविवार को 500 केवी का सोलर पैनल लॉन्च हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली सचिवालय भी जल्द पेपरलेस होगा। विधानसभा मानसून सत्र में एजूकेशन बिल लाया जाएगा।

## जो अर्बन नक्सल जैसा बर्ताव करेगा, वो जेल जाएगा

### राज ठाकरे के बयान पर सीएम फडणवीस का पलटवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पेश किए गए स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे ने इस कानून पर सवाल उठाए, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ शब्दों में कहा कि यह कानून 'राज ठाकरे जैसे लोगों के लिए नहीं' है, बल्कि उनके लिए है जो 'अर्बन नक्सल' जैसे बर्ताव करते हैं। फडणवीस ने कहा कि कोई अगर कानून विरोधी गतिविधि में शामिल नहीं है, तो डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन जो संविधानिक व्यवस्था को कमजोर करेगा, उस पर कार्रवाई



तय है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलना नहीं है, बल्कि उन संगठनों और लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना है जो शहरी नक्सल की सोच से समाज को गुमराह करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी सरकार की आलोचना करने से नहीं रोका जाएगा, लेकिन यदि कोई सरकार गिराने या हिंसा फैलाने की कोशिश करेगा तो कानून अपना काम करेगा। हालांकि विपक्षी दल और मानवाधिकार कार्यकर्ता इस कानून को अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतंत्र पर हमला बता रहे हैं। उनके मुताबिक, इस कानून में कई धाराएं इतनी व्यापक हैं कि किसी भी बयान, लेख या विचार को अवैध गतिविधि करार दिया जा सकता है। 'अवैध' शब्द की परिभाषा में किसी भी ऐसे शब्द, संकेत, लेख या प्रदर्शन को शामिल किया गया है जो शांति और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा बने।

## कुछ विपक्षी दल एसआईआर की बेवजह आलोचना कर रहे

**कोलकाता।** केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केंद्र सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि पूरी तरह से चुनाव आयोग की तरफ से किया जा रहा है। कोलकाता में पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के मत्स्य अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर इस प्रक्रिया का राजनीतिक फायदा उठाने का आरोप लगाया।

## खत्म हो चुकी है भारत में चुनाव प्रणाली : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने देश के चुनावों में होने वाली कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर लगातार आक्रामक हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित वार्षिक लीगल कॉन्क्लेव- 2025 में कहा, मैं आज-कल देश की चुनाव प्रणाली के बारे में बोल रहा हूं। मुझे हमेशा से संदेह था कि 2014 से ही कुछ गड़बड़ है... मुझे गुजरात विधानसभा चुनावों में पहले से ही संदेह था। उन्होंने चुनाव प्रणाली की आलोचना के अलावा प्रधानमंत्री मोदी को 2024 के चुनाव में मिले बहुमत पर गंभीर सवाल भी खड़े किए। राहुल गांधी ने भाजपा को बीते लगभग 12 साल के दौरान मिले प्रचंड बहुमत की तरफ संकेत करते हुए कहा, लगातार कई चुनावों में इस तरह की बड़ी जीत हासिल करने की क्षमता हैरान करने वाली थी। कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात में एक भी सीट नहीं मिलती, यह और आश्चर्यजनक था।

## एमपी में कल से फिर शुरू होगा भारी बारिश का दौर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लगातार हो रही तेज बारिश से पिछले तीन दिन से थोड़ी रहता मिली है। शनिवार को भी प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को प्रदेश में बूंदाबांदी का ही दौर चला। लेकिन 3 और 4 अगस्त को प्रदेश में एक बार फिर से भारी बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अभी



साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ प्रदेश के ऊपर है। 24 घंटे बाद सिस्टम का असर प्रदेश के उत्तरी हिस्से में देखने को मिल सकता है। ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार को भी भारी बारिश का दौर थमा रहा। ग्वालियर, गुना, श्योपुर, दमोह, मंडला और उमरिया में हल्की बारिश हुई। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह प्रदेश में बाढ़ के हालात बने। खासकर पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में मानसून जमकर मेहरबान रहा। रायसेन में बेतवा ने विकराल रूप लिया। खेत-मंदिर और पुल डूब गए। दो दिन से बारिश थमी रही, लेकिन नर्मदा नदी उफान पर है। वहीं, डैम ओवरफ्लो है। इनके गेट खोले गए। मध्यप्रदेश के ग्वालियर, राजगढ़, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मुरैना और श्योपुर में बारिश का कोटा पूरा हो गया है। यहां सामान्य से 50 फीसदी तक ज्यादा पानी गिर चुका है।

### देश का युवा सड़क पर लाठियां खा रहा

## एसएससी परीक्षा को लेकर मचे बवाल पर केजरीवाल बोले, अब जवाब देना पड़ेगा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने जंतर-मंतर



पर प्रदर्शन कर रहे एसएससी के छात्रों के मामले पर एक्स पर पोस्ट किया है। केजरीवाल ने लिखा कि देश का युवा सड़क पर है और लाठियां खा रहा है। क्योंकि वो अपने भविष्य के लिए सवाल पूछ रहा है। आगे लिखा कि एसएससी की परीक्षाएं लाखों युवाओं की जिंदगी बदल सकती हैं, लेकिन जब प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में हो तो भरोसा कैसे बचेगा?, दरअसल युवाओं पर ये लाठी नहीं चली, बल्कि देश के युवाओं के सपनों और उम्मीदों पर वार हुआ है। युवा पूछ रहा है, कब तक सिस्टम उसकी मेहनत का मजाक उड़ाएगा? अब जवाब देना पड़ेगा। देश का युवा सड़क पर है, लाठियाँ खा रहा है, क्योंकि वो अपने भविष्य के लिए सवाल पूछ रहा है।

## भारत को एक आवाज, एक पार्टी, एक विचारधारा वाला देश नहीं बनने देंगे : सिंघवी

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर लोकतंत्र को हुकूमत की एकतरफा शैली में बदलने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस भारत को एक आवाज, एक पार्टी और एक विचारधारा वाला देश बनने नहीं देगी। दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन संवैधानिक चुनौतियां - दृष्टिकोण और रास्ते विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज हम ऐसे दौर में हैं जहां संविधान को न केवल नजरअंदाज किया जा रहा है, बल्कि उसे सत्ता की सेवा में मोड़ा जा रहा है। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, लोकतंत्र सिर्फ तब नहीं मरता जब टैंक सड़कों पर उतरते हैं, वह तब भी मरता है जब संस्थाएं झुक जाती हैं।

### कोर्ट से बरी होने के बाद साध्वी प्रज्ञा का बयान, कहा-

## भगवा, हिंदुत्व और सनातन की हुई विजय



**भोपाल।** मालेगांव बम विस्फोट मामले में विशेष एनआईए अदालत से बड़ी राहत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का बयान सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे भगवा, हिंदुत्व और सनातन की विजय बताया। साध्वी प्रज्ञा ने अपने पोस्ट में लिखा कि भगवा आतंकवाद और हिन्दू आतंकवाद की अवधारणा गढ़ने वाली कांग्रेस सहित सभी विधर्मियों का मुंह काला हुआ, भगवा, हिंदुत्व और सनातन की विजय पर समस्त सनातनियों और देशभक्तों का बोलबाला।

बहुत-बहुत बधाई। जय हिन्दू राष्ट्र, जय श्रीराम। गौरतलब है कि वर्ष 2008 में महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए बम धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपने हाथ में ली थी और साध्वी प्रज्ञा समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया था। मामले की करीब 16 साल तक चली सुनवाई के बाद, विशेष एनआईए अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष इन आरोपों को प्रमाणित करने में असफल रहा।

## प्रयागराज में गंगा और यमुना ने खतरे के निशान को किया पार, हजारों घर जलमग्न

**प्रयागराज।** गंगा और यमुना ने खतरे के निशान पार कर दिया है। जलस्तर खतरे के बिंदु 84.734 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। नदियों का उफान अभी जारी है। स्थिति काफी भयावह हो गई है। गंगा और यमुना के किनारों पर स्थित दो दर्जन से अधिक मुहल्लों के हजारों घर जलमग्न हो गए हैं। लोग सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। बाढ़ राहत शिविरों में प्रभावित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। दो हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं जो प्रशासन के राहत शिविर में शरण लिए हैं। खतरे का निशान पार करते ही दो दर्जन से अधिक मोहल्लों के सैकड़ों घर बाढ़ में घिर गए हैं। सड़कों और गलियों में भी









पानी भर गया है। बड़ी संख्या में लोगों को नावों से बाहर निकालना पड़ा है।

गंगा के जलस्तर में शनिवार तक तेज गति से वृद्धि के आसार हैं। कानपुर से 80 हजार क्यूसेक से अधिक पानी लगातार आ रहा है। नरौरा से भी पानी लगातार आ रहा है। ऐसे में गंगा के जलस्तर में तेज वृद्धि जारी है। वहीं चंबल ने कुछ राहत दी है। शुक्रवार सुबह तक केन, बेतवा और चंबल नदी उफान थीं। केन और बेतवा अब भी उफान पर हैं लेकिन चंबल में पानी कम हो गया है। इससे यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी की रफ्तार में कुछ कमी दर्ज की गई लेकिन टोंस ने चिंता बढ़ा दी है। टोंस नदी में तेज गति से पानी आ रहा है। इससे तटीय इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इसके अलावा दबाव बढ़ने के कारण छतनाग से पानी निकलने की रफ्तार पर अंकुश लगने की आशंका बन गई है। इससे कछारी इलाके में गंगा का पानी और फैलने की संभावना है।

मेहबूब अली इंटर कॉलेज को बाढ़ राहत शिविर बनाया गया है लेकिन बृहस्पतिवार आधी रात तक बेली कछार और गांव में बाढ़ का पानी काफी दूर था। ऐसे में शुक्रवार को स्कूल खुला रहा और पढ़ाई हुई लेकिन सुबह तक क्षेत्र के सैकड़ों घरों में पानी घुस गया। सड़कें और गलियां बाढ़ की चपेट में आ गईं। ऐसे में मेहबूब अली इंटर कॉलेज में सुबह से बाढ़ पीड़ितों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया।

राहत शिविर में पहुंचे बेली गांव में शिव मंदिर के पास रहने वाले सुनील गौड़, प्रियंका, मोहम्मद यूसुफ का कहना था कि रात में बहुत तेजी से पानी बढ़ा। इसकी उम्मीद नहीं थी। इसलिए वे लोग निश्चिंत थे। सुनील का कहना था कि उनके मकान का भूतल ही बना है और उसमें कमर तक पानी भर गया। छत पर तिरपाल लगाकर सामान रख दिया है। पूरा परिवार शिविर में आ गया है।

बाढ़ का दायरा बढ़ने के साथ एनडीआरएफ और सीडीआरएफ की टीमें भी सक्रिय हो गई हैं। इनके अलावा तहसील प्रशासन की ओर से 12 नावें चलाई गई हैं। इनकी मदद से बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का क्रम जारी है।

# 16 महीने में 10 बार बदले पंचायत सचिव, सीईओ पर खड़े हो रहे सवाल

## मामला चितरंगी ग्राम पंचायत खटाई का, राजनीति के चलते सरपंच नही कर पा रही कार्य

**सिंगरौली।** जिले ही नही, बल्कि प्रदेश की खटाई एक ऐसी ग्राम पंचायत है, जहां पिछले वर्ष 2024 मार्च महीने से लेकर अब तक दो-चार नही, बल्कि 10 बार सचिव बदले गये हैं।

सचिवों के बार-बार प्रभार में फेरबदल एवं तबादला किये जाने को लेकर जहां पंचायत का विकास कार्य पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। वही जिला पंचायत के जिम्मेदार सीईओ के कार्यप्रणाली से सरपंच के साथ-साथ ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। अब ग्रामीण जिला पंचायत सीईओ को ही निशाने पर ले रहे हैं। जनपद पंचायत क्षेत्र चितरंगी के ग्राम पंचायत खटाई के सरपंच हिरामन देवी साहू ने बताया कि इस पंचायत में पिछले वर्ष 2024 के मार्च महीने से लेकर अब तक 10 बार पंचायत सचिव बदले जा चुके हैं। कुछ सचिव प्रभारी थे, तो कुछ का तबादला किया गया था। यह सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। सरपंच ने उदाहरण देते हुये बताया कि जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके के निर्देश एवं




अनुमोदन उपरांत 28 जुलाई को अरविन्द कुमार शर्मा बोदाखूंटा पंचायत से खटाई एवं भगवान सिंह को खटाई पंचायत से कोरसर कोठार के लिए तबादला किया गया। लेकिन ठीक तीन दिन बाद उक्त आदेश को जिला पंचायत सीईओ सिंगरौली ने निरस्त कर भगवान सिंह को यथावत खटाई में ही कर दिये जाने की चर्चाएं जोर-शोर से है। सरपंच का आरोप है कि तीन दिवस के अंदर उक्त तबादला निरस्त करने के पीछे कहीं न कहीं राजनैतिक हस्तक्षेप है। सरपंच का यह भी आरोप है कि जब से मैं सरपंच बनी हूँ, तब से पंचायत के कुछ लोगों को नागवार गुजर रहा है। सरपंच पर दबाव नही है। लेकिन सचिव के सहारे पंचायत में दखल देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है और इसी के चलते इस पंचायत का विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित है। विकास कार्य न होने से ग्रामीणों में भी भारी नाराजगी बढ़ रही है। सरपंच ने आगे कहा कि सचिव भगवान सिंह पूर्व में सात वर्षो तक पदस्थ थे। उस दौरान लाखों रूपये की अनियमितता की गई है। यदि इन्हें फिर से खटाई पंचायत में भेजा जाता है तो ग्रामीण आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करेंगे।

ग्राम पंचायत खटाई की सरपंच हिरमन देवी की बातों पर गौर करे तो 16 महीने में 10 सचिवो का अदला-बदली की गई है। इस पंचायत में राजनीति के चलते कोई सचिव नही रह पा रहे हैं। क्योंकि इस पंचायत में जिलास्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक की राजनीति की सियासत के दांवपेच लगते हैं। बताया जाता है कि वर्ष 2024 फरवरी महीने में रामाधार केवट सेवानिवृत्त हुये थे, उसके बाद अतिरिक्त प्रभार श्यामसुन्दर बैस को दिया गया था। उसके बाद अरविन्द शर्मा को पदस्थ किया गया। फिर श्यामसुन्दर बैस को वित्तीय प्रभार दिया गया। इसके बाद भगवान सिंह को राजनीतिक रसूक के बल पर बुलाया गया। इसके बाद 28 फरवरी 2025 को अरविन्द शर्मा को खटाई में पदस्थ किया गया। लेकिन तीन दिन के अंदर फिर से 1 अगस्त को भगवान सिंह की पदस्थापना की गई। ऐसे में पंचायत में राजनीतिक भुचाल दिखाई दे रहा है।

### जिला पंचायत में तबादला नीति की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

म.प्र. के डॉ. मोहन यादव के सरकार ने 17 जून से तबादला पर रोक लगा दिया है। यहां बताते चले कि तबादला पर प्रतिबंध लगने के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश या फिर विषम परिस्थिति में ही प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के उपरांत तबादला किया जा सकता है। हालांकि यहां पर 28 जुलाई के आदेश में जिले के प्रभारी मंत्री से अनुमोदन जरूर लिया गया है। लेकिन आरोप लगाया जा रहा है कि जब एक बार भगवान सिंह का तबादला खटाई से ग्राम पंचायत कोरसर कोठार कर दिया गया। अब निरस्त करने की कवायद क्यों की जा रही है। चर्चा है कि इसके पीछे कहीं न कहीं राजनीति हावी है। इस राजनीति के चलते पंचायत के कामकाज पर व्यापक विपरित प्रभाव पड़ रहा है। वही ग्रामीण अब जिला पंचायत सीईओ को भी सवालों के कटघर्रे में खड़ा करते हुये घोर नाराजगी भी व्यक्त कर रहे हैं।

# राह चलते युवक पर जानलेवा हमला

## एक बाल अपचारी समेत दो आरोपी गिरफ्तार, जयंत पुलिस की कार्यवाही

**सिंगरौली।** जयंत चौकी क्षेत्र के समीपी पिपरालाल निवासी एक राहगीर युवक पर गत दिवस की रात जैतपुर ग्राम के पास अपने दोस्त के साथ गोल मार्केट घुमने जा रहा था कि तीन-चार लोग लाठी-डण्डा से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस घटना को अंजाम देने वाले एक बालविरूद्ध समेत दो आरोपियों को थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना द्विवेदी के देख-रेख में जयंत चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार फरियादी मुकेश कुमार तिवारी स्व. प्रेमनाथ तिवारी उम्र 27 वर्ष निवासी पिपरालाल चौकी जयंत ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 जुलाई को मेरा छोटा भाई ओम प्रकाश तिवारी रात करीबन 8 बजे घर आकर बताया कि मैं अपने दोस्त आकाश साहू के साथ गोल मार्केट जयंत घूमने गया था, गोल मार्केट जयंत से वापस घर आ रहा था, जैसे ही समय तकरीबन 7-30 बजे शाम जैतपुर ग्राउण्ड के पास पहुंचा तो उसी समय अरविन्द साहू पिता दाऊलाल साहू उम्र 24 वर्ष एवं पुष्पा साहू उर्फ इन्द्रकुमार साहू पिता मिठाईलाल साहू दोनों निवासी जैतपुर के मिले, जो मुझे पुराने विवाद को लेकर मॉ-बहन की बुरी-बुरी गालियां देते हुए मुझे जान से मारने की नियत से लाठी-डण्ड़ा से मारपीट करने लगे, अरविन्द शाह लाठी के प्रहार से बेसुध हो गया। वही मौके पर मौजूद आकाश साहू एवं सिन्दू साहू बीच-बचाव के लिए दौड़, तब दोनों वहां से भाग गये। भाई के सिर में गंभीर चोटे आई। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296,109,3 (5)बीएनएस का अपराध 31 जुलाई को पंजीबद्ध कर विवेचना में लेते हुये घटना के बाद से फरार आरोपी अरविन्द कुमार शाह पिता स्व. दाऊलाल शाह थाना विन्ध्यनगर एवं विधि विरूद्व किशोर उम्र 17 वर्ष 10 माह दस्तयाब किया। जहां आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। जिन्हें बीते 31 जुलाई को गिरफ्तार कर ज्यूडीशियल रिमाण्ड में भेजा गया है। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी जयंत उनि सुधाकर सिंह परिहार, सउनि राजेश द्विवेदी, रवि गोस्वामी, प्रआर सुनील मिश्रा, बीरेन्द्र पटेल, धीरेन्द्र अहिरवार, सुबोध तोमर, सिरदेलाल उईके, आर प्रकाश सिंह, महेश पटेल, सुरेन्द्र यादव, जीवन सिंह भांटी एवं रमेश द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही।

# सिंगरौली के स्कूल में बच्चों का झाड़ू लगाते वीडियो वायरल

## शिक्षा की गुणवत्ता में आ रही गिरावट, बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

**सिंगरौली।** जिले के लंघाडोल इलाके के एक हाई स्कूल से शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को उजागर करने वाली एक हैरान कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां बच्चों के हाथों में किताबों और कलम की जगह झाड़ू थमा दी गई है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग की हकीकत सामने आ गई है। चर्चा है कि शिक्षा विभाग की जिम्मेदार डीईओ स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की वजाय अपनी राजनीतिक विसात बिछाने में लगे हैं। यही वजह है कि स्कूलों की आये दिन दुर्गति का वीडियो वायरल होता है।

जिन हाथों में किताबे और कलम होनी चाहिए उन हाथों में झाड़ू थमा दी जाती है। बच्चों से झाड़ू लगवाने से लेकर साफ - सफाई का जिम्मा बच्चों पर ही रहता है। वायरल वीडियो में बच्चे स्कूल परिसर में झाड़ू लगाते हुए दिख रहे हैं। जब बच्चों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अक्सर शिक्षक स्कूल से गायब रहते हैं। छात्रा रंजना ने कहा कि शिक्षक कहते हैं कि पहले झाड़ू लगाओं फिर पढ़ाई होगी, लेकिन पढ़ाई तो कभी होती ही नहीं। वही बच्चों ने कहा कि स्कूल में सभी विषयों का पीरियड किसी दिन नहीं लगता।



शिक्षक लेट क्लास में आते हैं और समय से पहले चले जाते हैं।

### शिक्षा की गुणवत्ता में आ रही गिरावट

ग्रामीणों ने भी शिक्षकों की लापरवाही पर गुस्सा जाहिर किया है। अभिभावक सुंदर शाह ने कहा हम बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजते हैं, लेकिन यहां उनसे साफ.- सफाई कराई जा रही है। एक अन्य ग्रामीण बद्रीनाथ वैश्य ने बताया कि इस स्थिति की शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षा क्यों गुणवत्ता में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। चर्चा है कि जिला शिक्षा अधिकारी आगामी विधानसभा चुनाव में चितरंगी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। संभवत हुआ राजनीतिक विसात अभी से बिछाने लगे हैं। संभवत इसीलिए वह शिक्षकों में जो कसाबट करनी चाहिए वह करने में असफल रहे हैं।

### बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

हाई स्कूल में स्कूली बच्चों का झाड़ू लगाने का वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। यह मामला न सिर्फ शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लघन है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है, जिस पर प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# साजापानी के ग्रामीण 5 को करेंगे एसडीएम दफ्तर का घेराव

**सिंगरौली।** सरई तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायात साजापानी के ग्रामीणों ने 5 अगस्त दिन मंगलवार को 11 बजे एसडीएम कोर्ट सरई का घेराव करने का निर्णय लिया है। जहां एक प्रेस विज्ञप्ति जारी शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता के खिलाफ गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अक्टूबर माह 2024 व जुलाई माह को लेकर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान में हितग्राहियों की संख्या 733 है, जो माह अक्टूबर 2024 का खाद्यान्न व माह जुलाई-अगस्त 2025 तक का खाद्यान्न का वितरण हितग्राहियों का नहीं किया गया है। इसके अलावा खाद्यान्न वितरण में की गई अनियमितता के बारे में भी अवगत कराया गया।

# डीईओ के निरीक्षण में प्राचार्य सहित आधा दर्जन शिक्षक मिले गैर हाजिर

## विकास खण्ड चितरंगी के सिलफोरी एवं सिधार विद्यालय का मामला, लापरवाहों को शोकाज नोटिस जारी

**सिंगरौली।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए शिक्षा अधिकारी ने कड़ा रूख अपनाया है। शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने आज दिन शनिवार को सुबह ही चितरंगी विकास खण्ड के सिलफोरी एवं सिधार विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में प्राचार्य सहित आधा दर्जन शिक्षक गैरहाजिर मिले। जिन्हें शोकाज नोटिस जारी की गई है।

इधर जानकारी में बता दें कि जिले भर में शिक्षा व्यवस्था पर लगातार सवाल उठाये जा रहे थे। बारिश के मौसम के चलते अधिकांश विद्यालय समय से नही खुलती थी और समय से पहले



बंद हो जाती थी। इसके अलावा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पर भी सवाल खड़े किये जा रहे थे। जिसके चलते जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह के द्वारा आज सुबह चितरंगी विकास खण्ड के सिधार व सिलफोरी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में माध्यमिक शाला सिधार में 3 शिक्षक पदांकित किये गये हैं, लेकिन विद्यालय के समय पर तीनों शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। वही दो अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। वही सिलफोरी में दो शिक्षक अनुपस्थित पाये गये, इसके अलावा शासकीय प्राथमिक शाला गुरूचहवा एवं सांदिपनी विद्यालय का भी डीईओ ने औचक निरीक्षण किया। आज के औचक निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी के तेवर रूख देखकर शिक्षको में हड़कंप की स्थिति निर्मित रही। गैरहाजिर पाये गये। प्राचार्य एवं शिक्षको को शोकाज नोटिस जारी की गई। इधर बता दें कि जिले भर में स्कूल व्यवस्था को सुधारने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं डीईओ के औचक निरीक्षण को लेकर अन्य विद्यालय के शिक्षको में उहापोह की स्थिति निर्मित रही।

# एल एंड टी लिमिटेड बैढ़न एवं रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**सिंगरौली।** एल एंड टी लिमिटेड कंपनी बैढ़न एवं रेडक्रॉस ब्लड सेंटर सिंगरौली के संयुक्त तत्वाधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कंपनी परिसर बैढ़न में किया गया। इस शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया, जहां जरूरतमंद रोगियों को जीवनदान प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। वही रक्तदान न केवल एक सामाजिक दायित्व है, बल्कि यह एक ऐसा मानवीय कार्य है जो किसी जिंदगी को बचा सकता है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। नियमित रक्तदान से स्वयं रक्तदाता का स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है। कार्यक्रम में एल एंड टी लिमिटेड कंपनी प्रोडक्ट एंड सपोर्ट डिवीजन बैढ़न की ओर से प्रदीप लेंका, पार्थ प्रतिम दत्ता, आशीष कुमार तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। वही रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. डीके मिश्रा, ब्लड सेंटर के मेडिकल ऑफिसर डॉ. आरडी द्विवेदी एवं डॉ. एनके जैन अतिरिक्त संचालक ब्लड सेंटर साथ ही अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

# करहिया टोला में पकड़ाया रेत चोरी करते ट्रैक्टर

**सिंगरौली।** खुटार चौकी पुलिस ने आज करहिया टोला में घेराबंदी करते हुये एक ट्रैक्टर को जप्त कर उसके कब्जे से रेत बरामद किया। ट्रैक्टर चालक ट्रॉली में रेत लेकर बेचने जा रहा था। यह कार्रवाई चौकी प्रभारी शीतला यादव एवं पुलिस टीम ने की है। खुटार चौकी पुलिस प्रभारी को मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि करहिया टोला मार्ग से रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। एसपी के निर्देश पर चौकी प्रभारी ने मुखबिरों के सूचना के आधार पर अवैध रेत के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिन शनिवार 2 अगस्त को चौकी खुटार पुलिस ने शंकर साकेत पिता छोटे साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी खजुरी को अवैध रेत परिवहन करते हुये ग्राम खुटार करहिया टोला में पकड़ाया। मौके के सम्पूर्ण कार्यवाही कर एक बिना नम्बर ट्रकस्टार 531 कम्पनी का नीले रंग की ट्रैक्टर जिसकी ट्राली में अवैध रेत लोड कीमती 3 हजार रुपये कुल कीमती 5 लाख 53 हजार रुपये की जप्तकर आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2),317(5) बीएनस एवं 4/21 खान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# जादू टोना के शक पर भतीजे ने चाची का गला घोटा

## चाची की हत्या करने के बाद आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी, शीघ्र गिरफ्तार करने की कर रही दावा

**सिंगरौली**

जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बरका चौकी के महुली गांव में बीती रात एक युवक ने जादू टोने के शक पर अपने ही चाची के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुये गला घोट कर हत्या कर दिये जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी स्थल पहुंच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को घटना क्रम से अगवत कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जगह-जगह छापामार कर रही है। वही चर्चा है कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस के सामने सरेण्डर कर दिया है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बरका पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम महुली निवासी गोविन्द सिंह की शादी हुये कई साल हुई थी। लेकिन गोविन्द के पत्नी को बच्चे नही हो रहे थे। कई जगह इलाज एवं झाड़फूक करा रहा था। इसी बीच किसी ओझा ने बता दिया कि प्रेतबाधा एवं जादू टोना लगा है। इस अंधविश्वास में पड़ कर गोविन्द ने ओझाओ का सहारा लेना तेज कर दिया। इस दौरान कही से पता चला कि उसी के चाची मानवती सिंह उम्र 40 वर्ष ने जादू टोना किया है। इसी बात को लेकर शुक्रवार की रात करीब 10 बजे आरोपी गोविन्द सिंह पिता जगधारी सिंह उम्र 25 वर्ष ने मानमती सिंह पति छत्रपति सिंह उम्र 40 वर्ष के घर पहुंच गला घोट कर मौत की नींद सुला दिया। उक्त घटना गांव में आग की तरह फैल गई। जहां आसपास के लोग भी पहुंच गये, लेकिन तब तक में आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग खड़ा हुआ था। वही घटना की सूचना पर आज दिन शनिवार की सुबह सरई थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भदौरिया, एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी हमराह के साथ घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये अपने कब्जे में लेते हुये जांच पड़ताल एवं आरोपी के तलाश में जुट गई। इधर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 301(ए), 351, 196, 115(2) इधर ग्रामीणों के चर्चाओं के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पुलिस के यहां सरेण्डर कर लिया। जबकि पुलिस का कहना है कि आरोपी फरार है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस का यह भी दावा है कि जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मृतिका का पति भागा, दूसरा भतीजा करता रहा जद्दोजहद

जानकारी के अनुसार जिस वक्त आरोपी गोविन्द सिंह मृतिका के घर पहुंचा और अपनी चाची के साथ मारपीट करने लगा। जहां मृतिका का पति इस बहसी युवक भतीजे को गुस्सा को देख भाग खड़ा हुआ। वही मृतिका का दूसरा भतीजा कमलभान सिंह अपने चाची की जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष कर टक्कर लेता रहा। लेकिन यहां पर कमलभान आरोपी के आगे कमजोर पड़ गया। वह भी अपनी जान बचा कर भाग खड़ा हुआ। कमलभान के अनुसार आरोपी उसके साथ भी मारपीट किया है।

### इनका कहना

आज सुबह थाना सरई अंतर्गत बरका चौकी में सूचनाकर्ता कमलभान सिंह ने चौकी आकर सूचना दिया कि उसका चचेरा भाई गोविन्द सिंह जादू टोना के आशंका पर उसकी चाची मानमती सिंह के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुये गला दबाकर हत्या कर दी है। इस सूचना पर थाने में मर्ग कायम कर मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

**गायत्री तिवारी**
**एसडीओपी, देवसर**

# 1 लाख 37 हजार 24 किसानों के खाते में गया 27 करोड़ 50 लाख 24 हजार की गई सम्मान निधि

## जिला स्तरीय कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिन शनिवार को उ.प्र. वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 20 किस्त का आंतरण किया गया। प्रधानमंत्री ने देश के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को 20.500 करोड़ रुपये की राशि आंतरित की। वही प्रधानमंत्री के द्वारा जिले के 1 लाख 37 हजार 512 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 20वीं किस्त के तहत 27 करोड़ 50 लाख से अधिक राशि आंतरित किया गया। सिंगरौली जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निगम की महापौर रानी अग्रवाल, अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, संयुक्त कलेक्टर संजीव



पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माईकल तिर्की, देवेन्द्र द्विवेदी, सौरभ मिश्रा, तहसीलदार जानव्ही शुक्ला, अभिषेक यादव, सहायक संचालक मनोज सिंह सहित किसान की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन को उपस्थित अतिथियों द्वारा देखा एवं सुना गया। इसके साथ ही जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाईव टेलीकास्ट किया गया।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## तीन विजेता और तीन उपविजेता टीम को किया गया पुरस्कृत



**सीधी।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के मार्गदर्शन में प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि महापुरूषों पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज 2025 का आयोजन स्थानीय टाटा कालेज सीधी में किया गया। जिले के 210 शासकीय एवं निजी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों ने 630 छात्रों का प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आनलाईन पंजीयन किया था जो कि प्रदेश में सर्वाधिक नामांकन वाले जिले में सीधी 9वे स्थान पर रहा। इन छात्रों की लिखित परीक्षा आयोजित हुई जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 6 स्कूलों के 18 विद्यार्थी द्वारा मल्टीमीडिया क्विज राउन्ड में सहभागिता की गई। मल्टीमीडिया क्विज के 10 राउन्ड - झटपट बोल, सोच समझकर बोल, देख परख कर बोल, तोल मोलकर बोल, क्या सही, क्या गलत, खुल जा सिम सिम, जो बोला वही धुरंधर, अब बताओ तो जाने, पारखी नजर, एम पी में सिनेमा क्विज मास्टर श्रीमती नेहा सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौफाल के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें तीन विजेता टीम काशी उ.मा.वि.अमिलिया, शासकीय सांदीपनि मॉडल स्कूल सिहावल, सूर्या पब्लिक स्कूल अमिलिया और उप विजेता डीकेएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल घोघरा, पीएम श्री स्कूल टिकरी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुम्मा टीमों का चयन किया गया।

विजेता एवं उप विजेता टीम को मेडल, प्रमाण पत्र तथा प्रथम तीन विजेता टीमों को तीन दिन दो रात एवं उपविजेता तीन टीमों को दो दिन एक रात के लिए म.प्र. के किसी भी पर्यटन स्थल का भ्रमण के लिये कूपन देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें आवास, भोजन एवं परिवहन की व्यवस्था पर्यटन विभाग द्वारा की जाती है।

नोडल अधिकारी डॉ सुजीत कुमार मिश्र द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि श्री पवन कुमार सिंह जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। श्री गोपाल पनिका, प्रवीण शुक्ला, परसिली रिसार्ट के मैनेजर श्री आर.पी. द्विवेदी, उत्कृष्ट विद्यालय के विजय सिंह चौहान, खुटेली के पुष्पराज सिंह, कृष्ण गिरी, प्रकाश सिंह, केके पटेल, प्रिया शुक्ला, देवेंद्र तिवारी, संजय कुमार सोनी, बालेन्दु शेखर दुबे, बीआरसीसी अंगिरा द्विवेदी, अनिल कुशवाहा, अजय मिश्रा, हेमांगद शुक्ला, प्रदीप सिंह, हरिओम शुक्ल, मॉडल स्कूल सीधी की अर्चना पांडे, राकेश रतन पांडे, मनीष शुक्ल, दिलीप पांडे, का विशेष सहयोग रहा। टाटा कालेज के संचालक इंजी. आर.बी.सिंह के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## जिले में औसत वर्षा 852.8 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 02 अगस्त को सीधी जिले में 7.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 16.6 मि.मी., चुरहट 12.0 मि.मी., गोपद बनास में 3.6 मि.मी., सिहावल में 3.2 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 9.0 मि.मी. और कुसमी में 8.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 852.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 02 अगस्त तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 950.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 695.1, चुरहट में 727.0, गोपद बनास में 840.2, बहरी में 926.3, मझौली में 938.0 मि.मी. और कुसमी में 892.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 435.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 417.4 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# मौहरिया में हरियाली यात्रा और पौध वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन के आयोजकत्व में आठ दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत दिनांक 1 अगस्त 2025 को सिहावल विकासखंड के बहरी सेक्टर अंतर्गत आदर्श ग्राम मौहरिया में हरियाली यात्रा एवं पौधा वितरण का कार्यक्रम शंभू प्रसाद पांडे सामाजिक कार्यकर्ता के मुख्य आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नवांकुर सखी द्वारा हरियाली यात्रा निकालने के साथ ही 1100 पौधों का वितरण मातृ शक्तियों को किया गया। विकासखंड समन्वयक सिहावल अनिल पाठक के साथ कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सावन ग्राम विकास समिति मौहरिया के अध्यक्ष बृजेंद्र शुक्ला परामर्शदाता गोविंद गौतम संदीप नामदेव तथा भारी संख्या में ग्राम मौहरिया का जनसमुदाय उपस्थित रहा। अतिथियों द्वारा 11 पौधों का रोपण तालाब की मेढ़ में करने के उपरांत मातृ शक्तियों को प्रदान किए गए पौधों का संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई।

# आम आदमी पार्टी यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष का विंध्य प्रवास, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



**सीधी।** आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष जयेंद्र सिंह सोमवंशी ने अपने विंध्य क्षेत्र प्रवास के दौरान आज सीधी ज़िले का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने ज़िले के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें संगठन के विस्तार, मजबूती और युवाओं की भागीदारी पर गहन चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का यूथ विंग प्रदेश भर में युवाओं की ऊर्जा और बदलाव की भावना को संगठित करने में जुटा है। सीधी जैसे ज़िलों में युवाओं की भागीदारी से पार्टी को नई मजबूती मिलेगी और जनसमस्याओं को बेहतर ढंग से उठाया जा सकेगा। बैठक में संगठन निर्माण, बूथ स्तर तक टीम गठन, आगामी कार्यक्रमों की योजना, और स्थानीय मुद्दों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से बात की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवाओं की भूमिका आने वाले चुनावों में निर्णायक होगी और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना ही प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष यूथ विंग, विवेक सिंह बघेल अन्य पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शासकीय दर पर मत्स्य बीज के लिए मत्स्य विभाग में करें संपर्क

**सीधी।** मत्स्य विभाग सीधी के शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों गोरियरा एवं जोरौंधा में पर्याप्त मात्रा में मेजर कार्प मिक्स (कतला रोहू मृगल) तथा शुद्ध कतला फ्राई मत्स्य बीज उपलब्ध है जो जिले के मत्स्यपालकों को शासकीय दर पर विक्रय किया जावेगा। खेत तालाब, बलराम तालाब, निजी तालाबों एवं शासकीय तालाबों/जलाशयों के 10 वर्षीय पट्टा धारक मत्स्य विभाग द्वारा जारी किये गए मोबाइल नंबर 7692001789 एवं 8889026748 पर अपनी डिमांड नोट करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे मत्स्यपालक जिन्होंने अब तक नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना पंजीयन नहीं कराया है वे अपने साथ शासकीय तालाब जो 10 वर्षीय पट्टे पर आवंटित हो, का पट्टा आदेश तथा निजी मत्स्य पालक अपने तालाब का खसरा, बैंक पास बुक, आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ मे लाकर मत्स्य बीज वितरण के दौरान अपना पंजीयन भी करवा सकते है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन



**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में प्राचार्य डॉ. राम नारायण स्वर्णकार के निर्देशन में इको क्लब, नेशनल कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण का कार्यक्रम वनस्पति शास्त्र विभाग के उद्यान में किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ ने पौधरोपण किया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने समस्त उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से हमें सीख लेनी चाहिए और अपने घर के आसपास अपने गांव में इस तरह के पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए जो न केवल वातावरण को शुद्ध रखेगा बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित करेगा। कार्यक्रम में डॉ राकेश कुमार सिंह चौहान विभाग अध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र, डॉ दिलीप सोनी, डॉ. उमाकांत साहू, डॉ. अंकिता सोनी, डॉ. अनीता तिवारी, डॉ. गौरव यादव, डॉ. कन्हैयालाल प्रजापति, डॉ. राजलाल पटेल, रमाकांत पांडे उपस्थित रहे। पौधरोपण का कार्यक्रम इको क्लब के प्रभारी डॉ. दिवाकर सिंह के आभार के साथ समाप्त हुआ।

# प्रेमचंद की तरह अंधेरी ताकतों से लड़ना होगा : प्रो. अनिल

**प्रेमचंद का साहित्य समाज में आदर्श मूल्यों के स्थापना का साहित्य है : डॉ. लहरी**

**साहित्य समाज का दर्पण होता है : भदौरिया**




**सीधी।** मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सीधी इकाई द्वारा प्रेमचंद जयंती समारोहपूर्वक सव्यसांची राजरानी भवन के सभागार में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक, विचारक डॉ लहरी सिंह और अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र सिंह भदौरिया ने किया। इस आयोजन में दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण के बाद मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ शिवशंकर मिश्र सरस के द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। डॉ लहरी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रेमचंद का साहित्य समाज में आदर्श मूल्यों के स्थापना का साहित्य है। प्रेमचंद के लेखन में उनके निजी जीवन पीड़ा दिखती है, वो आदर्श समाज चाहते थे जहां कमी दिखी वहां प्रहार करते थे और समाज की कुरीतियों और विसंगतियों पर जमकर हथौड़ा चलाया, प्रेमचंद तिल तिल कर जीवन जिए, भोगे हुए जीवन को साहित्य में दिखाया, राजेंद्र सिंह भदौरिया ने साहित्य को समाज का दर्पण माना और साहित्यकारों के लिए खुद को समर्पित करने का आह्वान किया और आज के समय को भय का समय बताया, इस समय में साहित्यकारों की आवाज को और प्रखर बनाने पर जोर दिया। मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई के अध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुंशी प्रेमचंद और उनके लेखन को याद करने के बहाने हम अपने वर्तमान समय को जांचते परखते हैं। आज सामंत जमीदार साहूकार तो नहीं हैं लेकिन इनकी जगह सत्ताधीशों और पूंजीपतियों ने ले लिया है आज भी शोषण अन्याय तेजी से जारी है। हमें प्रेमचंद की तरह अंधेरी ताकतों से किचकिचा कर लड़ना होगा। सचिव जगदीश मिश्र के द्वारा बताया गया यदि प्रेमचंद को समझना है तो दिल और बुद्धि दोनों का प्रयोग करना होगा आगे इन्होंने कहा आज का युग भयंकर प्रोपेगेंडा युग है।

# स्मार्ट मीटर स्थापना रोकने को लेकर सुप्रीम कोर्ट अथवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के निर्णय की खबर निराधार

## स्मार्ट मीटर से न घबराएं, स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को लाभ

**शहडोल।** स्मार्ट मीटर की स्थापना रोकने को लेकर सुप्रीम कोर्ट अथवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा किसी भी प्रकार का निर्णय या आदेश नहीं दिया गया है। स्मार्ट मीटर एक देश व्यापी स्कीम है जिसके तहत समूचे देश में स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में कतिपय प्रिंट तथा सोशल मीडिया में यह खबर फैलाई जा रही है कि सुप्रीम कोर्ट अथवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है। यह खबर असत्य, भ्रामक और निराधार है। सुप्रीम कोर्ट अथवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इस प्रकार का कोई भी फैसला नहीं दिया गया है। स्मार्ट मीटर के संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर निर्धारित प्लान के अनुसार लगाये जा रहे हैं और उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने से मना नहीं कर सकते हैं। इसी प्रकार सोशल मीडिया में यह भ्रम भी फैलाया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर तेज चल रहे है यह बात विभिन्न टेस्टिंग लैब में गलत साबित हो गई है। स्मार्ट मीटर में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है और स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग की जा रही बिजली के अनुसार ही तकनीकी रूप से वास्तविक और सटीक रीडिंग दर्ज कर रहे हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं और उपभोक्ता हित में स्मार्ट मीटर के सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं।

# जब तक सूरज चाँद रहेगा तुलसी आपका नाम रहेगा



**सीधी।** आज तुलसी जयंती के अवसर पर हम सब अत्यन्त बड़भागी हैं, जो संत कवि श्री रामभक्त गोस्वामी तुलसी दास जी का पावन स्मरण कर धन्यता का अनुभव कर रहे हैं। जिस संत महाकवि ने माँ सरस्वती की कृपा और गुरू प्रसाद से विमल बुद्धि प्राप्त कर ऐसे अमृत रूपी धार्मिक ग्रंथो को जन्म दिया जो कि युगो-युगो तक याद किये जायेंगे। तुलसीदास जी का योगदान केवल एक कवि तक सीमित नहीं रहा बल्कि उन्होंने समग्र मानव जाति के कल्याण के साथ विशेषकर हिन्दू धर्म की जड़ों को जन-जन तक पहुंचाया। उनके माध्यम से श्री राम, श्री हनुमान मर्यादा पुरूषोत्तम की भावना को हर घर में पहुंचाया। उन्होंने कठिन से कठिन वेद पुराणों की मूल भावना को सरल शब्दों में व्यक्त कर जन-जन में भक्ति आन्दोलन को नई दिशा दिया। तुलसीदास जी की वाणी रामभक्तों की आत्मा को छू जाती है और हिन्दू संस्कृति की नीव को मजबूती प्रदान करती है। तुलसीदास जी ने न केवल एक अनपढ़ चरवाहा से लेकर सम्राट तक के दिल को सोचने के लिये मजबूर किया। उन्होंने रामचरित मानस जैसे कई कालजयी ग्रंथो की रचना करके जो समग्र मानव जाति को परोसा है वह युगो-युगो तक मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से भक्ति ज्ञान और सेवा का अद्भुत संदेश जन-जन को देकर रामभक्ति का संदेश दिया। उक्त भावोद्गार सेवा निवृत्त प्रभारी जिला प्रमुख कलाकार सुरेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा पी.एम. श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाम्ह में चलित सप्त दिवसीय तुलसी जयंती समारोह के शुभारम्भ अवसर पर व्यक्त किया। इसके साथ तुलसी के अनेक उत्कृष्ट पदों दोहा, चौपाइयों एवं है धन्य सुहागिन वो जिसने भारत को तुलसी दास दिया जैसे अमरगीतों के माध्यम से तुलसी जयंती के कार्यक्रम में रामभक्ति की गंगा बहाई। ग्रामीण क्षेत्रों में तुलसीदास जी एवं तुलसी साहित्य के दर्शन तत्वों को जन-जन में पहुंचाने की दृष्टि से वैदेही फाउण्डेशन जन कल्याण समिति एवं सद्भावना कला संगीत संस्कृति संस्थान सेंदुरा के संयुक्त प्रयास से अलग-अलग दिनों में अलग-अलग स्थानों में आम नागरिकों व छात्र-छात्राओं को तुलसी की प्रासंगिकता से लाभांवित कराने हेतु गोस्वामी जी के भावों, विचारों, पदों, चौपाइयों एवं व्याख्यानों के माध्यम से जन-जन तक तुलसी दर्शन को फैलाने का लघु प्रयास है। दिनांक 31 जुलाई से 06 अगस्त तक यह चलित तुलसी जयंती का कार्यक्रम संचालित रहेगा। इसके साथ ही इस अवसर पर मानव जीवन को बचाने हेतु शासन द्वारा संचालित नशामुक्ति अभियान को भी पीड़ित मानवता को बचाने हेतु नशामुक्ति कार्यक्रम किया गया एवं लगातार संचालित रहेगा।

## प्रदेश के सभी बांधों एवं जलाशयों की निरंतर करें निगरानी : सिलावट

**शहडोल।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी बांधों एवं जलाशयों की निरंतर निगरानी की जाए और सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। विभाग के अधिकारी, जिला प्रशासन एवं सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करें। सभी जिलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभावी रूप से कार्य करें और अतिवृष्टि एवं बाढ़ की जानकारी राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष को भेजते रहें। बांधों से जल छोड़ने की जानकारी सभी संबंधियों को दी जाए और विशेष रूप से मुनादी करवाकर व अन्य साधनों से आमजन को समय से पूर्व उपलब्ध कराई जाए। मंत्री श्री सिलावट ने शुक्रवार को मुख्य अभियंता बोधी कार्यालय स्थित राज्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्रदेश में वर्षा और जलाशयों में जलभराव की स्थिति की समीक्षा की।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन भरे जा रहे आवेंदन

## कक्षा 6वी के लिए अंतिम तिथि 13 अगस्त तथा कक्षा 9 एवं 11 के लिए 23 सितम्बर




**सीधी।** सत्र 2026-27 नवोदय विद्यालय कक्षा 06, 09वीं एवं 11वीं में एडमिशन हेतु प्रवेश परीक्षा के फॉर्म ऑन लाइन भरे जा रहे हैं। कक्षा 6वीं का अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 थी, जो बढ़कर 13 अगस्त 2025 हो गई है। 9वीं और 11वीं के लिए 23 सितम्बर 2025 तक आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे। प्रभारी प्राचार्य डॉ डीके त्रिपाठी और सुधीर सरोज न वि प्रवेश परीक्षा प्रभारी द्वारा दिनांक 31-07-2025 को जिले के कई नोडल विद्यालयों में प्रचार-प्रसार कर फार्म बढ़ाने के लिए शासकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटपरा सीधी और सीनियर सेकेंडरी स्कूल कमर्जी सीधी के स्टाफ और स्टूडेंट ने विद्यालय के प्रति एडमिशन के लिए उत्साह जताया और अधिक से अधिक फॉर्म भरने के लिए आश्वासन दिया। अंग्रेजी शिक्षक ज्ञानेंद्र सिंह नवोदय विद्यालय चुरहट के ही एल्यूमिनी है, उन्होने बताया कि इस स्थान पर शिक्षा के क्षेत्र में जो सहयोग प्रदान कर रहे हैं उसका श्रेय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी मध्य प्रदेश का है। समस्त स्टाफ और प्रदीप सिंह प्रभारी प्राचार्य ने भी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद नोडल विद्यालय कमर्जी का विजिट किया जिसमें सभी स्टाफ प्राचार्य के सानिध्य में विद्यार्थियों का अधिक से अधिक फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया और प्राचार्य कृष्ण प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ उत्साह और जोश में फोटोग्राफी भी कराया। समिति नई दिल्ली राजेश लखानी आई.ए.एस. आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति हेडक्वार्टर दिल्ली और आर. के. वर्मा उप आयुक्त तथा सहायक आयुक्त दीक्षा ज्योति मिश्रा, लेख राज मीणा एवं डी. के. सिंह क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के डायरेक्शन में नवोदय विद्यालय के डायनामिक स्टाफ और कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी और अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज एवं जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह, डी. पी. सी. राजेश कुमार तिवारी, और ए.पी. सी. सुजीत कुमार मिश्रा, प्रवीण कुमार शुक्ला डी. पी. सी. के सहयोग से विभिन्न विद्यालयो के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रवेश फार्म भरवाया गया। अभी तक 2553 आवेदन भरे गए हैं। प्राचार्य के अनुरोध पर कलेक्टर श्री सोमवंशी ने जिले में 4000 आवेदन भरवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्राचार्य का सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अभिभावकों से आग्रह है कि अधिक से अधिक आवेदन भरवाने का सहयोग प्रदान करें। ताकि ग्रामीण प्रतिभावान छात्र ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सकें।

## संपादकीय

# भगदड़ बन चुकी है रोज की खबर

चिंता की बात यह है कि पूर्व की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता है। यही वजह है कि मनसा देवी मंदिर हादसे के दूसरे दिन पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अवसानेश्वर मंदिर में भी भगदड़ की घटना हो गई। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और भीड़-भाड़ के बीच भगदड़ एक सामान्य घटना बनती जा रही है। कभी धार्मिक सभाओं के आयोजन, रेल में चढ़ते वक्त, तो कभी मंदिरों में भगदड़ से लोगों की जान जा रही है। मगर, चिंता की बात है कि इन घटनाओं से कहीं कोई सबक नहीं लिया जाता। हर बार गहन जांच, सख्त कार्रवाई और भविष्य में एहतियाती उपाय करने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है। उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर क्षेत्र में रविवार को भगदड़ में आठ श्रद्धालुओं की मौत इसी लापरवाही का नतीजा है। हैरत की बात है कि इससे अगले ही दिन उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के अवसानेश्वर मंदिर में भी ऐसी ही घटना में दो लोगों की मौत हो गई। ऐसा लगता है कि भगदड़ का एक सिलसिला शुरू हो गया है और व्यवस्थागत खामियों की सिलवटें हैं कि ठीक होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पिछले दिनों महाकुंभ में भगदड़ मचने से अनेक लोग मारे गए। इसके बाद बंगलुरु में आरसीबी की जीत के जश्न में आयोजित समारोह में भगदड़ से कई लोगों की जान चली गई। इससे पहले हाथरस के एक आश्रम में हुई भगदड़ की घटना को भी नहीं भूलाया जा सकता। सवाल है कि आखिर ऐसी कितनी घटनाओं के बाद शासन और प्रशासन चेतेगा? मनसा देवी मंदिर में भगदड़ का कारण करंट फैलने की अफवाह को बताया जा रहा है। मगर, क्या इस तरह की अफवाह को हादसे में तब्दील होने से रोका नहीं जा सकता था? प्रशासनिक अमला इस तरह की आशंकाओं का अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है? चिंता की बात यह है कि पूर्व की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता है। यही वजह है कि मनसा देवी मंदिर हादसे के दूसरे दिन पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अवसानेश्वर मंदिर में भी भगदड़ की घटना हो गई। इसमें दोराय नहीं कि पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों समेत सार्वजनिक जगहों पर लोगों की भीड़ आए दिन बढ़ रही है। ऐसे में शासन-प्रशासन को भीड़ प्रबंधन के उपायों को सख्ती से लागू करना होगा और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लानी होगी। तभी व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा सकती है।

*सवाल है कि 2004 की सुनामी से हमने क्या सीखा? असल में, जब यह आपदा आई थी, तब हम एक तरह से इससे अनभिज्ञ थे। यहां तक कि धरती में जल समाने के कारण जब चेन्नई में समुद्र तट पर पानी तेजी से घटा, तो लोग उत्सुकतावश यह देखने के लिए रुके रहे कि कहीं सागर सूख तो नहीं रहा! चेन्नई के मछुआरों ने भी बाद में कहा कि उन्होंने कभी पानी का ऐसा सैलाब नहीं देखा था। चूंकि हमारे पास समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली नहीं थी, तो हमें सुनामी से बचने का जरूरी वक्त भी नहीं मिल सका था। उस वक्त पोर्ट ब्लेयर से जरूर यह खबर दी गई थी कि पानी का स्तर बढ़ रहा है, लेकिन जब तक हालात समझे जाते, समय निकल चुका था और सुनामी चेन्नई तक पहुंच चुकी थी। मगर अब हमने चेतावनी प्रणाली का वैश्विक स्तर का नेटवर्क बना लिया है। हैदराबाद में इससे संबंधित केंद्र स्थापित है। तमाम देशों के साथ समझौता भी किया जा चुका है। यानी, सुनामी से बचाव की पूरी व्यवस्था हमने कर ली है। मगर क्या भूकंप के मामले में भी हम यह कह सकते हैं?*

# बड़े भूकंप के लिए हम कितने तैयार

**(अतींद्र कुमार शुक्ला, भूकंप विज्ञानी)**

बुधवार की सुबह रूस में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप ने उन तमाम देशों में खौफ पैदा कर दिया है, जहां अक्सर जलजले आते रहते हैं। तीव्रता के लिहाज से यह शीर्ष दस भूकंपों में एक था। इससे उत्तरी प्रशांत क्षेत्र में सुनामी की तेज लहरें उठीं, जिनके कारण जापान, अलास्का, हवाई, न्यूजीलैंड तक को चेतावनी जारी करनी पड़ी और लाखों लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर भेजना पड़ा। हालांकि 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा होने के कारण यह इलाका भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में एक है, पर 8.8 की तीव्रता ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। इसने 2004 की उस सुनामी की याद ताजा कर दी, जिसने 14 देशों में 2.27 लाख लोगों की जान ले ली थी। भारत में भी तब हजारों जिंदगियां हिंद महासागर की तेज लहरों में समा गई थीं।

जिस तरह अभी प्रशांत महासागर में फॉल्टलाइन टूटी है, उस वक्त हिंद महासागर में भी ऐसा ही हुआ था। नतीजतन, पानी की ऊंची लहरें उठने लगीं। दरअसल, सुनामी इसलिए पैदा होती है, क्योंकि समुद्र में भूकंप आने के कारण पानी धरती में समाता है और फिर समान ताकत से ऊपर की ओर उठता है। इस तरह पैदा होने वाली लहरें धीरे-धीरे तट की ओर बढ़ती हैं और उनकी ऊंचाई भी बढ़ती जाती है। ये दस मीटर तक ऊंची उठ सकती हैं। ऐसे में, जहां-जहां का बुनियादी ढांचा कमजोर होता है, वहां-वहां भारी नुकसान होता है।

सवाल है कि 2004 की सुनामी से हमने क्या सीखा? असल में, जब यह आपदा आई थी, तब हम एक तरह से इससे अनभिज्ञ थे। यहां तक कि धरती में जल समाने के कारण जब चेन्नई में समुद्र तट पर पानी तेजी से घटा, तो लोग उत्सुकतावश यह देखने के लिए रुके रहे कि कहीं सागर सूख तो नहीं रहा! चेन्नई के मछुआरों ने भी बाद में कहा कि उन्होंने कभी पानी का ऐसा सैलाब नहीं देखा था। चूंकि हमारे पास समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली नहीं थी, तो हमें सुनामी से बचने का जरूरी वक्त भी नहीं मिल सका था।

उस वक्त पोर्ट ब्लेयर से जरूर यह खबर दी गई थी कि पानी का स्तर बढ़ रहा है, लेकिन जब तक हालात समझे जाते, समय निकल चुका था और सुनामी चेन्नई तक पहुंच चुकी थी। मगर अब हमने चेतावनी प्रणाली का वैश्विक स्तर का नेटवर्क बना लिया है। हैदराबाद में इससे संबंधित केंद्र स्थापित है। तमाम देशों के साथ समझौता भी किया जा चुका है। यानी, सुनामी से बचाव की पूरी व्यवस्था हमने कर ली है। मगर क्या भूकंप के मामले में



भी हम यह कह सकते हैं?

निस्संदेह, हमने अपनी निगरानी व्यवस्था बेहतर बना ली है और चंद मिनटों में यह बता पाने में अब हम सक्षम हैं कि भूकंप का केंद्र आखिर था कहां? इतना ही नहीं, 2004 में आपदा प्रबंधन अधिनियम पारित करके पहली बार 'प्री-डिजास्टर मैनेजमेंट' यानी आपदा जोखिम पर ध्यान दिया। अमूमन तब तक होता यही था कि भूकंप के बाद राहत-कार्यों पर हमारा जोर रहता था, लेकिन इस अधिनियम में भूकंप से होने वाले नुकसान से बचने के लिए पूर्व-तैयारी, यानी शमन पर जोर दिया गया है। इसमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत बताई गई कि इमारतों को भूकंपरोधी और स्थान-विशेष की भूकंपीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए भवन-निर्माण कोड के अनुसार बनाया जाना चाहिए, ताकि होने वाले नुकसान से बचा जा सके। ऐसा इसलिए, क्योंकि इमारतें ही जान लेती हैं, भूकंप नहीं।

इतना ही नहीं, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का गठन भी किया गया, ताकि राहत-कार्यों में देरी न हो। मगर आपदा-जोखिम के मोर्चे पर जिस तरह की तैयारी की व्यवस्था इस कानून से की गई थी, वह अब तक नहीं हो सकी है।

भूकंप से बचने के लिए जरूरी है कि भवन-निर्माण में कुछ खास सावधानियां बरती जाएं। मसलन, यह पता होना चाहिए कि किस प्रकार की मिट्टी पर वह खड़ा होने वाला है? उसकी प्रकृति क्या है? कितना भूकंपीय बल नीचे जमीन में 30 मीटर की सतह पर पैदा होगा और यह ताकत मिट्टी को पार करने के बाद भवन की नींव व ऊपर क्या प्रभाव डालेगी, आदि? फिलहाल, इन सबके लिए भूकंप जोनिंग मानचित्र की मदद ली जाती है, जो चार हिस्सों में बंटा है- दो, तीन, चार और पांच। इसमें पांचवां जोन भूकंप के लिहाज से सबसे संवदेनशील है और दो सबसे कम। मगर मुश्किल यह है कि इसे स्थानीय स्तर पर नहीं बांटा गया है। जैसे, नई दिल्ली में कुछ इलाके संवेदनशीलता के लिहाज से चौथे जोन से कुछ अधिक माने जाते हैं, जबकि कुछ तीसरे जोन जैसे। मगर समग्रता में इसे चौथे जोन में रखा गया है। इस कारण संभव है कि भूकंप की प्रभावशीलता के अनुसार यहां भवन न बन सके।

देश के तमाम शहरों को भूकंप के लिहाज से सूक्ष्म रूप से वर्गीकृत करने की जरूरत है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए यह अध्ययन साल 2014 में पूरा किया जा चुका है, जिसमें इस आधार पर भूकंपीय मानचित्र बनाया गया है कि हर 100 गुने 100 मीटर पर कितना भूकंपीय बल पैदा होगा? इसी के आधार पर दिल्ली के लिए भवन संहिता बनाए जाने की जरूरत है। इसी प्रकार का अध्ययन करीब 600 शहरों के लिए भी करने की योजना थी, ताकि एक व्यापक भवन संहिता बनाई जा सके। मगर इस पर अपेक्षा के अनुरूप काम आगे नहीं बढ़ सका।

इसी तरह, साल 2001 के भुज भूकंप के बाद वहां एक अस्पताल का निर्माण बेस आइसोलेशन तकनीक के आधार पर किया गया है। इस तकनीक में यह सुनिश्चित किया जाता है कि इमारत की बुनियाद पर भूकंप का जितना प्रभाव पड़ेगा, उसके ऊपरी हिस्से पर वह तुलनात्मक रूप से काफी कम होगा। हर भवन तो नहीं, लेकिन संवेदनशील क्षेत्रों की महत्वपूर्ण संरचनाएं इसी तकनीक के आधार पर बननी चाहिए।

हमें अब आपदा में इंसानी जान गंवाने के प्रति भी 'शून्य सहिष्णुता' अपनानी होगी। दूसरे देशों में ऐसा ही होता है। मगर अपने देश में इस तरह की सोच परवान नहीं चढ़ सकी है। जाहिर है, सुनामी से बचाव में जो सफलता हमने पा ली है, उसे भूकंप से बचने में भी हासिल करने की जरूरत है। इसके लिए जिस रास्ते की जरूरत है, वह हमें पता है। बस, उस पर मजबूती से कदम बढ़ाने की दरकार है।( ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बच्चों की ऐसी मौत के लिए हम जिम्मेदार

*विडंबना है कि इस देश में अब कुछ-न-कुछ अक्सर गिरता ही रहता है, नेताओं की नैतिकता गिरती है, तो वह कभी पुल की शक्ल में, तो कभी स्कूल की छत के रूप में हमारे सामने धराशायी हो जाती है। वरना कोई पूछ सकता है कि आखिर स्कूलों की छतें इतनी जर्जर क्यों हैं? साफ है, हम बच्चों को सुरक्षित शिक्षा देने में विफल रहे हैं। यह घटना बताती है कि झालावाड़ में हमारा नैतिक पतन, हमारी लोकतांत्रिक कायरता और मूर्खतापूर्ण प्राथमिकताएं भी जमींदोज हुई हैं। यह आपराधिक सरकारी लापरवाही या राजनेताओं की कोताही भर नहीं है। यह उस महान जनता की भी बर्बरता है, जो हर चुनाव में अस्पताल, सड़क, पानी, शिक्षा और रोजगार जैसे जरूरी सवालों व मुद्दों को 'कमजोर एजेंडा' समझकर किनारे फेंक देती है, और धर्म व जाति-बिरादरी के नाम पर या फिर पैसे लेकर अपने वोट बेच देती है।*

**(जयप्रकाश नवीन, टिप्पणीकार)**

राजस्थान के झालावाड़ जिले के एक सरकारी स्कूल में हुए भीषण हादसे में सात बच्चों की मौत ने राजस्थान के लोगों को ही नहीं, समूचे देश को झकझोर दिया है। स्कूल जैसे सुरक्षित माने जाने वाले स्थान पर बच्चों की मौत से सभी विचलित हो उठे हैं। पढ़ाई के दौरान अचानक छत गिरना और मासूम जिंदगियों का यूं खत्म हो जाना किसी भी देश और तंत्र के लिए शर्मनाक है। यह हादसा सिर्फ एक इमारत की छत के गिरने का नहीं, भरोसे के ढांचे के ढहने का है। इस घटना ने देश भर के जर्जर सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों में दहशत पैदा कर दी है और उन्हें चिंता में डाल दिया है। हर सुबह सरकारी स्कूलों की मीठी घंटियां अभावों में पल-बढ़ रहे बच्चों को बुलाती हैं। मगर अब वे बच्चों को डरा भी रही होंगी।

विडंबना है कि इस देश में अब कुछ-न-कुछ अक्सर गिरता ही रहता है, नेताओं की नैतिकता गिरती है, तो वह कभी पुल की शक्ल में, तो कभी स्कूल की छत के रूप में हमारे सामने धराशायी हो जाती है। वरना कोई पूछ सकता है कि आखिर स्कूलों की छतें इतनी जर्जर क्यों हैं? साफ है, हम बच्चों को सुरक्षित



शिक्षा देने में विफल रहे हैं।

यह घटना बताती है कि झालावाड़ में हमारा नैतिक पतन, हमारी लोकतांत्रिक कायरता और मूर्खतापूर्ण प्राथमिकताएं भी जमींदोज हुई हैं। यह आपराधिक सरकारी लापरवाही या राजनेताओं की कोताही भर नहीं है। यह उस महान जनता की भी बर्बरता है, जो हर चुनाव में अस्पताल, सड़क, पानी, शिक्षा और रोजगार जैसे जरूरी सवालों व मुद्दों को 'कमजोर एजेंडा' समझकर किनारे फेंक देती है, और धर्म व जाति-बिरादरी के नाम पर या फिर पैसे लेकर अपने वोट बेच देती है। ऐसे लोग नेताओं से सवाल नहीं करते, बल्कि उनको माई-बाप समझकर उनके सामने बिछे रहते हैं।

हम अगर धर्म और जाति के आधार पर वोट करेंगे, तो हमारे हिस्से अपने बच्चों की चीखें और अश्रुधाराएं ही आएंगी। हमारे बच्चों की मौत का जिम्मेदार कोई और नहीं, हम खुद हैं। इसके लिए किसी और को दोष देना गलत है। वैसे भी इस देश में बच्चे वोटर नहीं हैं, जो हुक्मरान उनके वोटों की खातिर उनके बेहतर भविष्य की चिंता करे। यह भी एक बड़ा कारण है कि भारत में सरकारी स्कूलों की संख्या घट रही है और निजी स्कूलों की बढ़ रही है। माना जाता है कि अभी देश में 10.22 लाख स्कूल हैं। मगर सरकारी स्कूलों की हालत कितनी खराब है, यह कोई छिपी बात नहीं है। जब तक हम अपने अधिकारों को लेने के लिए मुखर नहीं होंगे, हालात में बदलाव नामुमकिन ही है।

## वर्ग पहेली 5811

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | |
| 8 | | ■ | 9 | | | ■ | |
| | ■ | 10 | | ■ | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | ■ | 13 | 14 | 15 | | ■ |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 19 | | | 20 |
| ■ | 21 | | | | ■ | 22 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2000 में भारत के इस तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र शांति शिखर सम्मेलन के दौरान हिंदी में भाषण देते हुए पाकिस्तान को लताड़ा (6)
6. राजमुकुट, शिखा (2)
7. पति-पत्नी का कानूनन संबंध विच्छेद (3)
8. छोटा, निसार, तीर प्रकार के प्राणयमों में से एक (2)
9. गले के नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
10. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
11. एक श्लोक का चतुर्थांश, योग्यतानुसार दिया गया दर्जा या पदवी (2)
13. अनुकंपा, दया, मेहरबानी (4)
16. जीना, सीढ़ी (3)
18. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. पार्वती, लक्ष्मी (2)
21. घृणा, घिन्न (4)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. न्यायालय, कचहरी (4)
2. कोमलकांड, सुंदरस्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम )(2)
3. वह स्थान जहां से प्रत्येक घर बिजली पहुंचाई जाती है (5)
4. खाली होना, रिक्त होना (3)
5. उद्देश्य, प्रयोजन (4)
11. अवनति, अवनमन, धाराशायिता (3)
12. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
14. हल्का बुखार, जवर अनुभूति, आवेश (4)
15. कोई करतब आदि देखने के लिए एकत्रित जनसमूह, अव्यवस्थित जन समूह (3)
16. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव-दानवों दोनों को प्रिय था (2)
17. इराक का एक शहर जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार है (3)
20. यह यूरोपीय संघ का एक सदस्य राष्ट्र है जिसकी राजधानी मेड्रिड है (2)

### वर्ग पहेली 5810 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | ना | ■ | ता | ड़ | वा | न |
| दे | ■ | सा | र | दा | ■ | क | र |
| श | ह | द | ■ | द | म | ■ | मि |
| नी | ल | ■ | त | ■ | वा | प | स |
| ति | क | ड़ | मी | ■ | सी | र | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ज | स्ता | ■ | वा | मा |
| वा | म | न | ■ | व | ज | न | ■ |
| दा | म | न | ■ | क | ल | गी | ■ |

# जीवन की परीक्षा जीवन

**(अमृत साधना)**

वर्तमान शिक्षा बच्चों को पढ़ने-लिखने के योग्य तो बनाती है, लेकिन जीवन जीने योग्य नहीं बनाती। कोई बच्चा कक्षा में कुशलता से जोड़-घटाव भले कर ले, जिंदगी में सुख को जोड़कर दुख को घटाने की कला नहीं जानता। उसे सिखाया ही नहीं जाता, क्योंकि यह किसी पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है।

अगर शिक्षा सम्यक हो, तो कामों के साथ जो पद और प्रतिष्ठा जुड़ी है, वह विलीन हो जाएगी। एक आदमी जूते सीता है, एक रोटी बनाता है, एक ईंटें बनाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। ये सारे लोग जिंदगी को मिल-जुलकर बना रहे हैं। जिंदगी में सब जरूरी है। इसमें ईंटें बनाने वाले लोग जरूरी हैं, इसमें सड़क साफ करने वाले लोग जरूरी हैं, इसमें एक मुल्क के हुकूमत करने वाले लोग जरूरी हैं और कोई किसी से कम नहीं है। सारे लोग मिलकर एक सहयोगी जिंदगी को पैदा कर रहे हैं।

भारतीय संस्कृति में उपनिषदों के गुरुकुल हुआ करते थे। ये हमारे प्राचीन विद्यालय थे। चूंकि वे ज्ञानी ऋषियों द्वारा चलाए जाते थे, शिक्षा की ओर देखने का उनका नजरिया बिल्कुल अलग था। उन्होंने कागजी शिक्षा को कभी महत्व नहीं दिया। एक उपनिषद की कहानी है, जिसे ओशो अक्सर सुनाते हैं- एक गुरुकुल से तीन युवक शिक्षा लेकर वापस लौट रहे थे। उनकी सभी विषयों में परीक्षा ले ली गई थी। केवल 'धर्म' रह गया था। और वे हैरान थे कि धर्म की परीक्षा क्यों नहीं ली गई?

वे गुरुकुल से थोड़ी दूर ही गए होंगे कि सूरज ढलने लगा था और रात उतरने को थी। वे जिस पगडंडी से गुजर रहे थे, उस पर बहुत से कांटे पड़े थे। पहला युवक छलांग लगाकर कांटों को पार कर गया। दूसरा युवक पगडंडी छोड़ किनारे से निकलकर पार हो गया। लेकिन तीसरा वहीं रुक गया और उसने कांटों को चुनकर पास की झाड़ी में डाला और तब आगे बढ़ा। शेष दो ने उससे कहा कि यह क्या कर रहे हो, रात बढ़ रही है और हमें शीघ्र ही वन के पार हो जाना है। तीसरा युवक हंसा और बोला, इसीलिए कांटों को चुना कि रात उतरने को है और हमारे बाद जो भी इस राह पर आएगा, उसे ये कांटे दिखाई नहीं पड़ सकेंगे।

वे तीनों यह बात कर ही रहे थे कि उनके आचार्य झाड़ी के बाहर आ गए। वे झाड़ी में छिपे थे। उन्होंने तीसरे युवक को कहा- तुम धर्म की परीक्षा में भी उत्तीर्ण हो गए। अन्य दोनों युवकों को लेकर वह गुरुकुल वापस लौट गए। उनकी धर्म की शिक्षा अभी पूरी नहीं हुई थी।

जीवन की क्या परीक्षा है सिवाय जीवन के? और धर्म तो जीवन ही है। इसलिए जो मात्र परीक्षाएं पास करके यह समझते हैं कि वे शिक्षित हो गए, वे भूल में हैं। वस्तुतः जहां परीक्षाएं समाप्त होती हैं, वहीं असली शिक्षा शुरू होती है, क्योंकि वहीं जीवन शुरू होता है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज व्यापार के मामले में आपको जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना होगा, अन्यथा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अपने निजी जीवन की समस्याओं को व्यावसायिक मामलों में लाने से बचना होगा वरना नुकसान हो सकता है। किसी प्रियजन या जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

### वृष

आज सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आप अपने घर की जरूरत का सामान खरीदने पर भी धन खर्च कर सकते हैं। कार्यस्थल पर किसी अधीनस्थ कर्मचारी या संबंधी के कारण तनाव बढ़ने की संभावना है। ऐसे में कोई जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। साथ ही, पैसों के मामले में भी सावधानी बरतें, अन्यथा आपका धन कहीं अटक सकता है। अगर किसी कानूनी मामले में फंसे हैं तो अब सफलता प्राप्त हो सकती है।

### मिथुन

आज विरोधी परास्त हो सकते हैं। राजनीतिक सहयोग प्राप्त होने की संभावना है, लेकिन आपको कार्यक्षेत्र में अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। व्यापार के मामले में आपको पैसों की लेन-देन के समय सावधानी बरतनी होगी, अन्यथा नुकसान हो सकता है। शाम के समय नए संपर्क बन सकते हैं लेकिन किसी भी यात्रा के दौरान आपको सावधान रहना होगा।

### कर्क

आज आपको कोई उपहार या समाज में सम्मान प्राप्त हो सकता है। व्यापार के मामले में किसी पुरानी महिला मित्र के द्वारा आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। जिससे मन प्रसन्न रहेगा और तनाव कम होगा। नौकरी करने वालों को भी सफलता प्राप्त होगी। शाम के समय आपको अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो

### सिंह

आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है और धन लाभ के भी अच्छे योग बन रहे हैं। इससे आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में अपने व्यवहार और मधुर वाणी के चलते आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, दूसरों की मदद करने में भी आप सफल रहेंगे। कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा की

### कन्या

आज आप ज्यादा व्यस्त रहेंगे और भागदौड़ भी देखने को मिल सकती है। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों से आपको सराहना मिलेगी और पिता भी आपकी तारीफ करेंगे। घर में किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन के चलते व्यस्त रह सकते हैं। लेकिन आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग और प्रेम मिलेगा।

### तुला

आज राजनीतिक क्षेत्र में अपने अपेक्षा से भी कई ज्यादा सफलता प्राप्त हो सकती है। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता के मार्ग खुलते जाएंगे, जिससे मानसिक तनाव कम होगा और मन प्रसन्न रहेगा। अगर कार्यस्थल पर कोई काम रुका हुआ था तो वह अब पूरा हो सकता है। पाचन से जुड़ी समस्या हो सकती है। ऐसे में अपने खानपान पर विशेष ध्यान जरूर दें।

### वृश्चिक

आज कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मानसिक तनाव भी बढ़ेगा। लेकिन आप अपने मधुर व्यवहार और वाणी से माहौल को सामान्य बनाने में सफलता भी प्राप्त करेंगे। दूसरों की मदद के लिए भी आप हमेशा के प्रकार आगे आना पसंद करेंगे। नौकरी करने वालों पर काम का प्रेशर बढ़ सकता है। पारिवारिक मामले में जीवनसाथी के सेहत पर ध्यान देने की जरूरत पड़ सकती है।

### धनु

आज अपनी मेहनत और लगन से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। लेकिन अगर आपके आसपास विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होती है तो ऐसे में अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। अन्यथा बात ज्यादा बढ़ सकती है। शाम के समय आपको अचानक से धन लाभ हो सकता है। घर में चल रही परेशानियां भी अब दूर हो सकती हैं।

### मकर

आज दिन शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा चलेगा और लाभ कमाने के भी कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। दोपहर के समय आपको कोई सकारात्मक समाचार सुनने को मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के साथ भी समय अच्छा व्यतीत होगा। लेकिन आपको अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। रात में किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, जिससे सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

### कुंभ

आज आपको शिक्षा या किसी प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त हो सकती है। नौकरी करने वालों के लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। आपके व्यवहार और बातचीत करने के तरीके से समाज में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। कामकाज के सिलसिले में ज्यादा भागदौड़ करने के चलते आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकता है। ऐसे में लापरवाही से बचें और सावधानी बरतें। आपको जीवनसाथी का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

### मीन

आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और व्यापार के मामले में अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है। इसकी मदद से धन की कमी दूर होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होती जाएगी। व्यवसाय में बनने वाली योजनाओं को भी अब गति मिलेगा और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको जल्दबाजी या भावनाओं में आकर फैसला लेने से बचना होगा, अन्यथा आगे नुकसान हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना में 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत 7000 से ज्यादा बच्चों को मुक्त कराया गया

**हैदराबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय की राष्ट्रव्यापी पहल 'ऑपरेशन मुस्कान'-11 के तहत जुलाई महीने में तेलंगाना में 7,678 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिनमें 6,000 से ज्यादा बच्चों से बालश्रम कराया जा रहा था। कुल 28 संभागीय टीमों को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, निर्माण स्थलों, यातायात जंक्शनों, बस और रेलवे स्टेशनों तथा बच्चों के शोषण के संदिग्ध अन्य स्थानों का निरीक्षण करने के लिए तैनात किया गया था। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ) चारु सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि राज्य में रेलवे और बस स्टेशनों, धार्मिक स्थलों, ईंट भट्ठों, मैकेनिक की दुकानों, निर्माण स्थलों, चाय की दुकानों समेत कई स्थानों की पहचान की गई और 12 राज्यों के कुल 7,678 बच्चों (7149 लड़के और 529 लड़कियां) को बचाया गया, जिनमें नेपाल के चार बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इस अभियान में 1,713 प्राथमिकी दर्ज की गई और 1,718 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 6,593 बच्चों को उनके परिवारों से मिलाया गया जबकि 1,049 बच्चों को आश्रय गृहों में भेजा गया। बचाए गए बच्चों में 1,173 लड़के और 74 लड़कियाँ थीं। बचाए गए बच्चों में से 673 तेलंगाना के मूल निवासी हैं, जबकि 560 अन्य राज्यों के हैं। गौरतलब है कि 14 बच्चे नेपाल के पाए गए, जो इस मुद्दे की सीमा पार प्रकृति को दर्शाता है। इस अभियान के तहत, पुलिस ने अवैध बाल श्रम में लिप्त नियोक्ताओं के खिलाफ 55 प्राथमिकी दर्ज कीं। इसके अलावा, 939 मामले दर्ज किए गए और उल्लंघनकर्ताओं पर 47,75,921 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### पंजाब के अबोहर में मारे गए व्यापारी के परिवार से मिले मुख्यमंत्री मान, केजरीवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को व्यवसायी संजय वर्मा के परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। वर्मा की सात जुलाई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उन्होंने संजय के भाई जगत से उनके आवास पर मुलाकात की और कहा कि यह परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है, साथ ही यह समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षति है, जिसने एक प्रतिबद्ध और उद्यमी व्यक्ति को खो दिया है। 'न्यू वेयर वेल जेंट्स टेलर' शोरूम के सह-मालिक संजय की यहां भगत सिंह चौक के निकट तीन हमलावरों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। अगले दिन, व्यवसायी की हत्या में कथित रूप से शामिल दो हमलावरों को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया। बयान में कहा गया कि मान और केजरीवाल ने कहा कि वर्मा परिवार ने कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता के माध्यम से अपने लिए एक अलग स्थान बनाया है, जिससे अबोहर शहर को पहचान मिली है। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया कि पंजाब सरकार दुख और संकट की इस घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। मान और केजरीवाल ने जघन्य अपराधों के प्रति राज्य सरकार की बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहराई और कहा कि ऐसे क्रूर अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए कठोर सजा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब पुलिस पहले ही हत्या में शामिल दो अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है। बयान में कहा गया है कि मान ने वर्मा परिवार को आश्वासन दिया कि मामले में न्याय होगा और एक भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### गोरखपुर में हाफ एनकाउंटर: चेन और मोबाइल लूटने वाले 2 बदमाशों को लगी गोली, गिरफ्तार

**गोरखपुर , एजेंसी।** यूपी पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार ऐक्शन मोड में है। इसी क्रम में शुक्रवार देर रात गोरखपुर में पुलिस की अपराधियों से मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ गीडा क्षेत्र में हुई। गीडा के जैतपुर देईपार मार्ग पर शुक्रवार रात पुलिस और अपाची सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाशों के पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने दोनों दबोच लिया। घायल बदमाशों का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बदमाशों के पास लूट की आपाची बाइक, दो तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोप है कि गुरुवार रात यही बदमाश गीडा क्षेत्र में ढाबा चलाने वाली एक महिला से सोने की चेन और मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वॉइंट के पास देवरिया जिले के निवासी अशोक तिवारी गीडा ढाबा चलाते थे। कुछ वर्ष पहले अशोक का निधन होने पर परिवार का पालन पोषण करने के लिए मृतक अशोक की पत्नी सुमित्रा तिवारी खुद ढाबा का कारोबार करने लगीं। गुरुवार की देर रात पीड़िता सुमित्रा ढाबा पर मौजूद थीं, तभी सफेद रंग की बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। उन्होंने एक बोतल पानी मांगा। महिला ने पानी दिया। इसी दौरान बदमाशों ने सुमित्रा को देखते ही असलहा निकाल कर तान दिया। उन्होंने धमकाकर महिला के गले में पहनी सोने की चेन और पास में रखा मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह, पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया गया। पुलिस तभी से बदमाशों की तलाश में जुटी थी। देर रात पुलिस गश्त पर थी।

# उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले भाजपा को बड़ी बढ़त, राज्यसभा में 100 के पार हुई सांसदों की संख्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले भाजपा को राज्यसभा में बड़ी राजनीतिक बढ़त मिली है। पहली बार अप्रैल 2022 के बाद भाजपा ने फिर से राज्यसभा में 100 का आंकड़ा पार किया है। हाल ही में नामित किए गए तीन सदस्यों- वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और सामाजिक कार्यकर्ता सी सदानंदन मास्टर ने भाजपा जॉइन कर ली है। इनके शामिल होने के बाद अब पार्टी के पास राज्यसभा में कुल 102 सदस्य हो गए हैं।



**राज्यसभा में संख्या संतुलन :** वर्तमान में राज्यसभा की कुल सदस्य संख्या 240 है, जिनमें 12 नामित सदस्य भी शामिल हैं और पांच सीटें रिक्त हैं। 31 मार्च 2022 को 13 राज्यसभा सीटों पर हुए चुनावों के बाद भाजपा की संख्या 97 से बढ़कर 101 हो गई थी, जिससे वह कांग्रेस के बाद इतिहास में दूसरी ऐसी पार्टी बनी थी जिसने उच्च सदन में 100 से ज्यादा सांसद बनाए। कांग्रेस को यह उपलब्धि 1988 से 1990 के बीच मिली थी। लेकिन इसके बाद भाजपा की संख्या में धीरे-धीरे गिरावट आई और हाल ही तक यह 99 पर थी। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक,अब नामित सदस्यों के भाजपा में शामिल होने से पार्टी ने दोबारा 100 का आंकड़ा पार कर लिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास अब राज्यसभा में कुल 134 सांसद हैं, जिनमें 12 में से 5 नामित सदस्य भी शामिल हैं। बहुमत का मौजूदा आंकड़ा 121 है, जिसे एनडीए ने पार कर लिया है।

**भाजपा में शामिल हुए तीन नामित सांसद कौन :** उज्ज्वल निकमः 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में विशेष लोक अभियोजक रहे निकम ने अजमल कसाब जैसे आतंकवादी को अदालत में सजा दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें 2016 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ से हार गए थे। हर्षवर्धन श्रृंगलाः वे 2020 से अप्रैल 2022 तक भारत के विदेश सचिव रहे। इसके बाद वे ज20 शिखर सम्मेलन 2023 के मुख्य समन्वयक बने। वे अमेरिका में भारत के राजदूत और बांग्लादेश में उच्चायुक्त के रूप में भी सेवा दे चुके हैं। सी सदानंदन मास्टरः केरल के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक हैं। 1994 में उनके पैरों को काट दिया गया था, जिसके लिए उन्होंने माकपा कार्यकर्ताओं को दोषी ठहराया था। उनका आरोप था कि भाजपा में शामिल होने के कारण उन पर हमला हुआ। वे 2016 में केरल विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। इन तीनों के साथ-साथ हाल ही में राज्यसभा के लिए नामित हुई राजनीतिक विश्लेषक और इतिहासकार मीना कुमारी जैन भी चर्चा में रहीं। वे भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की सदस्य रह चुकी हैं और उन्हें 2020 में पद्म श्री सम्मान मिला था। हालांकि, उन्होंने अभी तक किसी राजनीतिक दल की सदस्यता नहीं ली है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा, कड़े मुकाबले के आसार उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा और भाजपा नीत राजग से मुकाबले के लिए कांग्रेस नीत विपक्ष एक साझा उम्मीदवार खड़ा कर सकता है। ऐसे में कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं। गत 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा पहली ऐसी घटना है जब किसी उपराष्ट्रपति ने पद पर रहते हुए त्यागपत्र दे दिया और उच्च पद के लिए दावेदारी नहीं की। इस्तीफे के समय धनखड़ का कार्यकाल दो साल से अधिक बचा था। इससे पहले वीवी गिरि और आर वेंकटरमन ने पद पर रहते हुए इस्तीफा दिया था लेकिन दोनों ने क्रमशः 1969 और 1987 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था। आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि 17वें उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा। चुनाव के लिए अधिसूचना सात अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। इसने कहा कि यदि मतदान की जरूरत हुई तो यह नौ सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## विपक्ष खड़ा कर सकता है साझा उम्मीदवार, उपराष्ट्रपति चुनाव में कड़े मुकाबले के आसार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबले के लिए विपक्ष साझा उम्मीदवार खड़ा कर सकता है। ऐसे में कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा पहली ऐसी घटना है, जब किसी उपराष्ट्रपति ने पद पर रहते हुए त्यागपत्र दे दिया और उच्च पद के लिए दावेदारी नहीं की। इस्तीफे के समय धनखड़ का कार्यकाल 2 साल से अधिक बचा था। इससे पहले वीवी गिरि और आर वेंकटरमन ने पद पर रहते हुए इस्तीफा दिया था लेकिन दोनों ने क्रमशः 1969 और 1987 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था। आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि 17वें उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा। चुनाव के लिए अधिसूचना 7 अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। इसने कहा कि अगर मतदान की जरूरत हुआ तो यह 9 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित कक्ष संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा है कि वे उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए साझा उम्मीदवार उतार सकते हैं। उम्मीद है कि भाजपा इस चुनाव में संगठन और राजनीतिक प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देगी। एनडीए किसी प्रयोग पर जोर नहीं देगा, जिसके कारण कई बार उसने अपने संगठन से जड़ों से जुड़े किसी नेता के बजाय किसी अन्य को चुना है, जैसा कि 2022 के चुनाव में धनखड़ के मामले में हुआ था।

## महिलाओं के लिए खुशखबरी; 2100 रुपये देने की योजना में रजिस्ट्रेशन जल्द: सीएम सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर आज बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को 2100 रुपये देने की योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल जल्द खुलेगा। साल 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के संकल्प पत्र का यह प्रमुख वादा रहा है। आज चंडीगढ़ में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम सैनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी सरकार जल्द ही लाडो लक्ष्मी योजना शुरू करने जा रही है। इसके तहत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये मिलेंगे। राज्य में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली महिलाओं के बैंक अकाउंट में यह राशि ट्रांसफर हो जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से इस योजना को लागू करने को लेकर एक ड्राफ्ट मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा गया था। 9 अगस्त को रक्षाबंधन है। संभावना है कि उससे पहले या उसी दिन मुख्यमंत्री योजना के शुरू करने का ऐलान करेंगे। हालांकि, नौकरी करने वाली और पेंशन लेने वाली महिलाओं को झटका लग सकता है। इस बार बजट में सैनी सरकार ने इस योजना के लिए 5,000 करोड़ रुपये मंजूर किए थे।

# राजस्थान: बीजेपी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग की कमान

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार ने निकाय चुनावों से ठीक पहले एक अहम राजनीतिक नियुक्ति करते हुए बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके साथ रिटायर्ड आईएएस अधिकारी नरेश ठकराल को आयोग का सदस्य बनाया गया है। यह आयोग डेढ़ साल तक कार्य करेगा। सरकार की इस नियुक्ति को आने वाले निकाय और पंचायत चुनावों की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक समझ के लिहाज से अरुण चतुर्वेदी को यह जिम्मेदारी देना बीजेपी और सरकार दोनों के लिए एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। चतुर्वेदी राज्य में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं और संगठनात्मक कार्यों में भी लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। उन्हें वित्त आयोग जैसे तकनीकी और जिम्मेदारी से भरे पद पर लाना सरकार की मंशा को दर्शाता है कि वह निकायों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए एक अनुभवी नेतृत्व चाहती है। नियुक्ति के बाद चतुर्वेदी ने कहा कि यह पद न सिर्फ जिम्मेदारीपूर्ण है, बल्कि चुनौतीपूर्ण भी है। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त आयोग का काम स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के वित्तीय संसाधनों का मूल्यांकन कर सरकार को सुझाव देना होता है। इसमें कर ढांचे, टोल टैक्स और अन्य



संसाधनों के समुचित वितरण की रिपोर्ट तैयार की जाती है। यह रिपोर्ट राज्य सरकार की वित्तीय नीतियों और बजट योजना में अहम भूमिका निभाती है। अरुण चतुर्वेदी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता निकायों और पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में निकायों के पास संसाधनों की कमी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में आयोग के माध्यम से सरकार को यथासंभव व्यावहारिक और सटीक सुझाव देने की जिम्मेदारी वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोग के ढांचे को और मजबूत करते हुए शहरी निकायों व पंचायत संस्थाओं की आय बढ़ाने के लिए योजनाएं तैयार की जाएंगी। चुनावों में टिकट नहीं मिलने और इस नियुक्ति को उससे जोड़ने के सवाल पर चतुर्वेदी ने साफ कहा कि भाजपा में इस तरह की परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसे उचित समझती है, उसे जिम्मेदारी देती है और कार्यकर्ता का कर्तव्य होता है कि वह हर स्थिति में पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करे। उन्होंने कहा कि पहले भी उन्होंने अपने हर कार्य को निष्ठा से निभाया और अब भी सरकार और संगठन द्वारा दी गई इस नई जिम्मेदारी को पूरे समर्पण के साथ निभाएंगे। चतुर्वेदी ने यह भी कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार लगातार संगठन से तालमेल बनाते हुए प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में और भी नाम सामने आएंगे और यह सिलसिला जारी रहेगा। राज्य वित्त आयोग की भूमिका निकायों और पंचायतों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने में केंद्रीय होती है। ऐसे में इस आयोग का नेतृत्व अब एक अनुभवी राजनेता के हाथों में है, जो खुद संगठन से निकले हैं।

## द केरल स्टोरी को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार तो भड़के सीएम पिनराई, कहा- यह मलयालियों का अपमान है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में शुक्रवार को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस समारोह में वर्ष 2023 की फिल्मों को सम्मानित किया गया, जिसमें विवादास्पद फिल्म द केरल स्टोरी ने दो प्रमुख पुरस्कार अपने नाम किए। फिल्म के निर्देशक सुदीप्तो सेन को बेस्ट डायरेक्टर और सिनेमैटोग्राफर प्रशांतनु मोहपात्रा को बेस्ट सिनेमैटोग्राफी का पुरस्कार मिला। हालांकि, इस फैसले ने केरल में राजनीतिक और सामाजिक विवाद को जन्म दे दिया है, खासकर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इसकी कड़ी आलोचना की है। द केरल स्टोरी का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया है और यह फिल्म 5 मई 2023 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म केरल की तीन महिलाओं की कहानी पर आधारित है, जिन्हें कथित तौर पर लव जिहाद के जरिए इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। फिल्म के टीजर में दावा किया गया था कि केरल की 32,000 महिलाएं इस तरह के कथित




धर्मांतरण का शिकार हुईं, जो एक अपुष्ट और अतिशयोक्तिपूर्ण आंकड़ा माना गया। रिलीज के बाद से ही फिल्म पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने और केरल को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगा। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग के बाद भी चर्चा में रही। हालांकि, इसकी कहानी को लेकर विवाद होता रहा है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने द केरल स्टोरी को राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, यह फिल्म स्पष्ट रूप से केरल की छवि को धूमिल करने और सांप्रदायिक नफरत के बीज बोने के इरादे से झूठी जानकारी फैलाती है। ऐसी फिल्म को सम्मानित करके राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की जूरी ने संघ परिवारी की विभाजनकारी विचारधारा को वैधता प्रदान की है। केरल हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ सद्भाव और प्रतिरोध का प्रतीक रहा है। वह आज इस फैसले से गंभीर रूप से अपमानित हुआ है। यह सिर्फ मलयालियों का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का अपमान है जो लोकतंत्र और हमारे संवैधानिक मूल्यों में विश्वास रखता है। विजयन ने आगे कहा कि इस फैसले ने भारतीय सिनेमा की उस महान परंपरा का अपमान किया है, जो धार्मिक भाईचारे और राष्ट्रीय एकता के लिए खड़ी रही है। उन्होंने इसे संघ परिवारी की वैचारिक एजेंडे का हिस्सा करार दिया। । केरल के विपक्षी नेता वी.डी. सतीशन ने भी इस फैसले की निंदा की और आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का उपयोग अपने विभाजनकारी अभियान को बढ़ावा देने के लिए कर रही है।

## नितिन गडकरी ने साफ-साफ बोलने की वकालत की, कहा- राजनीति झूठ बोलना या चापलूसी करना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति में झूठ बोलना या फिर चापलूसी करना जरूरी होने जैसी धारणाएं सरासर गलत हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेताओं को पूरे विश्वास के साथ सच बोलना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अजित पवार भी उपस्थित थे। गडकरी ने कहा, यह एक गलत धारणा है कि राजनीति में सिर्फ झूठ बोला जाता है या फिर चापलूसी की जाती है। यहां तक कि शिवसेना के पूर्व प्रमुख दिवंगत बालासाहेब ठाकरे भी अपने भाषणों में सच बोलते थे। वह अपनी बात खुलकर कहते थे। उन्होंने कहा कि हर किसी को सच बोलना सीखना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगर कुछ अच्छा है, तो उसे अच्छा कहना चाहिए और अगर कुछ बुरा है, तो उसे बुरा ही कहना चाहिए। फडणवीस कहते हैं कि राजनीति में कभी-कभी स्पष्ट और सच बोलना संभव नहीं होता। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान, एक रैली को संबोधित करते हुए, मैंने कहा था कि मैं किसी को कोई चीज मुफ्त में नहीं दूंगा और वही करूंगा जो मैं करना चाहता हूं। जाति या समुदाय की आड़ में मेरे पास मत



आना। मैंने बस उनसे वोट मांगा और उन्हें आश्वासन दिया कि मैं उनके लिए काम करूंगा।

गडकरी ने कहा कि उन्होंने मतदाताओं से यह भी कहा कि वह सभी के लिए काम करेंगे, चाहे वे उन्हें वोट दें या नहीं। उन्होंने कहा, मेरा अनुभव है कि छोटे लोग भी अच्छी बातों को भांप लेते हैं, इसलिए राजनीतिक नेताओं को सकारात्मक रहना चाहिए तथा हमेशा विश्वास के साथ सच बोलना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने यह भी कहा कि उनके विभाग में धन की कोई कमी नहीं है। गडकरी ने कहा, धन कोई बाधा नहीं है। बाधा केवल यह है कि उसे खर्च नहीं किया जा रहा है। इस देश में धन और तकनीक की कोई कमी नहीं है। बाधा केवल देश के लिए ईमानदारी से काम करने वाले लोगों की कमी है। अगर ये लोग काम करने का फैसला कर लें।

## बीजेपी अभी नहीं करेगी नए अध्यक्ष का ऐलान, उपराष्ट्रपति चुनाव बन गया देरी की वजह?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नए बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव की चर्चा लंबे समय से चल रही है। वहीं पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब कम से कम 50 फीसदी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संगठन के चुनाव पूरे हो जाते हैं। बीच में ही उपराष्ट्रपति रहे जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद पार्टी का पूरा फोकस अब शिफ्ट हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो राष्ट्रपति चुनाव के बाद ही अब बीजेपी अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेगी। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मॉनसून सेशन शुरू होते ही अचानक इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि स्वास्थ्य कारणों से वह पदमुक्त होना चाहते हैं। वहीं चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव का ऐलान भी कर दिया है। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होंगे और इसी दिन शाम तक परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। यह भी तय माना जा रहा है कि विपक्ष इंडिया गठबंधन का कोई साझा उम्मीदवार उतार सकता है।

21 अगस्त नामांकन दाखिल करने का आखिरी तारीख है। ऐसे में विपक्ष और सत्तापक्ष दोनों के पास उम्मीदवार घोषित करने के लिए पर्याप्त समय है। नंबरगेम की बात करें तो लोकसभा और राज्यसभा में कुल 782 सांसद हैं। एनडीए के पास लोकसभा में 293 तो इंडिया गठबंधन के पास 232 सांसद हैं। वहीं



राज्यसभा में एनडीए के पास 133 और इंडिया गठबंधन के पास 107 सांसद हैं। ऐसे में सदन में एनडीए का पलड़ा भारी है।

**बीजेपी चीफ के चुनाव में देरी के पीछे कारण :** मौजूदा बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ही खत्म हो रहा था हालांकि उनकी सफलताओं को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया। अब माना जा रहा है कि बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐलान के लिए उपराष्ट्रपति चुनाव पूरे होने का इंतजार कर रही है। बिहार चुनाव से पहले बीजेपी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान कर देना है। फिलहाल बीजेपी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए फ्लोर मैनेजमेंट में लगी हुई है। इस बार के चुनाव में लोकसभा में एनडीए के बहुमत का आंकड़ा कम हो गया था और राज्यसभा में । ऐसे में यह फाइट आसान नहीं माना जा सकती। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा में पांच और लोकसभा में एक सीट रिक्त है, जिससे निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

शतरंजः

# विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख को मिले तीन करोड़ रुपए

## मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया पुरस्कार



**नागपुर, एजेंसी।** दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। 19 साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।

उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपये का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

# एक ओवर में 45 रन!

- अफगान बल्लेबाज उस्मान गनी ने रचा इतिहास
- ईसीएस T10 में बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के मैदान पर जब तूफान आता है, तो स्कोरबोर्ड भी हिल जाता है और इस बार तूफान बने अफगानिस्तान के बल्लेबाज उस्मान गनी, जिन्होंने एक ओवर में 45 रन ठोककर नया विश्व रिकॉर्ड बना डाला. ऐसा कारनामा इससे पहले प्रोफेशनल क्रिकेट में कभी नहीं हुआ था.

### एक ओवर में बने 45 रन, कैसे?

टूर्नामेंट में 1 अगस्त को लंदन काउंटी क्रिकेट क्लब और गिल्डफोर्ड के बीच मुकाबला खेला गया. लंदन की ओर से ओपनिंग करने उतरे उस्मान गनी ने गिल्डफोर्ड के गेंदबाज विल एर्नी के ओवर में तबाही मचा दी. गनी ने एक ओवर में 6+ नो बॉल, 6, 4+वाइड , 6, 4+नो बॉल, 6, 0, 6, 4 की स्ट्राइकिंग से कुल 45 रन बटोर लिए. इस ओवर में बल्लेबाज ने अकेले 42 रन बनाए, जबकि 3 रन एक्स्ट्रा (2 नो बॉल और 1 वाइड) के रूप में आए. इससे पहले किसी बल्लेबाज ने एक ओवर में इतने रन नहीं बटोरे थे. यह अब तक का प्रोफेशनल क्रिकेट में सबसे महंगा ओवर बन गया है.



### उस्मान गनी की तूफानी पारी

मैच में उस्मान गनी पूरी तरह लय में दिख रहे थे. उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 153 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 17 छक्के शामिल थे. उनकी स्ट्राइक रेट 355.81 का रहा. उनके जोड़ीदार ईस्माइल बहरामी ने भी अपनी बल्लेबाजी से मैदान पर धूल उड़ा दी. उन्होंने 19 गेंदों पर 61 रन ठोके. दोनों की साझेदारी की बदौलत लंदन काउंटी ने 10 ओवर में 226/0 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था.

### गिल्डफोर्ड को 71 रन से हार

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिल्डफोर्ड की टीम इतने विशाल लक्ष्य का सामना नही कर पायी और पूरी टीम माझ 155 रन ही बना सकी और 71 रन से मैच हार गई. उनके कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया.

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी और आरोप

29 वर्षीय उस्मान गनी अफगानिस्तान के लिए 17 वनडे और 35 टी- 20 खेल चुके हैं. उन्होंने 2014 में इंटरनेशनल डेब्यू किया थ, लेकिन 2023 में गनी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक ले लिया था. उनका कहना था कि वह तभी वापसी करेंगे जब बोर्ड में सही मैनेजमेंट और ईमानदार सेलेक्शन कमिटी होगी.

# डूरंड कपः क्लेटन सिल्वा के चार गोल, डायमंड हार्बर एफसी ने बीएसएफ एफसी को 8-1 से रौंदा

**कोलकाता, एजेंसी।** किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया। 134वें डूरंड कप में डायमंड हार्बर एफसी ने अपने विजयी अभियान को जारी रखते हुए बीएसएफ एफसी को ग्रुप बी के मुकाबले में 8-1 से करारी शिकस्त दी। किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और



जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया।

**मैच की शुरुआत से दबदबा**

आई-लीग 2 की चैंपियन डायमंड हार्बर एफसी ने महज़ दूसरे मिनट में ही क्लेटन सिल्वा के गोल से खाता खोल दिया। जॉबी जस्टिन के क्रॉस पर उन्होंने सटीक फिनिश करते हुए टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद सातवें मिनट में लुका माजसेन ने बॉक्स में क्लेटन की हलचल का फायदा उठाकर दूसरा गोल दागा। बीएसएफ एफसी की मिडफील्ड और डिफेंस शुरुआत से ही संघर्ष करती दिखी। 35वें मिनट में सिल्वा ने गिरीक के क्रॉस पर वॉली मारकर अपना दूसरा गोल किया। वहीं, चार मिनट बाद माजसेन ने ब्राज़ीली खिलाड़ी के एक ऊंचे पास पर गोल कर स्कोर को 4-0 कर दिया। बीएसएफ को पहला मौका 43वें मिनट में मिला, जब किशोरी का शॉट गोलकीपर सुसंता मलिक ने रोक लिया। हाफटाइम तक डायमंड हार्बर पूरी तरह हावी दिखा।

टी20 सीरीजः

# पाकिस्तान के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में उतरेगी वेस्टइंडीज की टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच फ्लोरिडा में दूसरा टी20 मैच आयोजित होगा। यह मुकाबला भारतीय समय के अनुसार तीन अगस्त की सुबह साढ़े पांच बजे से खेला जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम सीरीज का अपना पहला मैच गंवा चुकी है। श्रृंखला में बने रहने के लिए वेस्टइंडीज को यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। दोनों देशों के बीच यह मैच फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में खेला जाएगा, जहां की पिच शुरुआत में बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, यहां की पिच धीमी हो सकती है, जिससे रन बनाना मुश्किल होगा। ऐसे में स्पिनर यहां कुछ ओवरों के बाद दबदबा बना सकते हैं। इस मुकाबले में सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज और कप्तान सलमान आगा से पाकिस्तान को बल्लेबाजी में खासा उम्मीदे हैं, जबकि गेंदबाजी में शाहीन अफरीदी, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ और फहीम अशरफ टीम को मजबूती दे सकते हैं। सईम अयूब भी गेंद से चमक बिखेर सकते हैं।

वहीं, वेस्टइंडीज के खेमे को कप्तान शाई होप के अलावा शेरफेन रदफोर्ड, जेसन होल्डर, शमर जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स और ज्वेल एंड्रयू से खासा उम्मीदे होंगी।

पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच साल 2011 से लेकर अब तक 22 टी20 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें 16 मैच पाकिस्तान ने जीते। वहीं, तीन मुकाबले वेस्टइंडीज के नाम रहे। तीन मैच बेनतीजा भी रहे। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले को 14 रन से जीता था। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट गंवाकर 178 रन बना लिए। पाकिस्तान के लिए सईम अयूब ने सर्वाधिक 57 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से शमर जोसेफ तीन विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट गंवाकर 164 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन शिकार किए। पाकिस्तान की टीम सीरीज में 1-0 से आगे है। यह मुकाबला जीतकर वेस्टइंडीज सीरीज में बराबरी कर सकती है। अगर पाकिस्तान ने दूसरा मैच जीता, तो सीरीज पर कब्जा भी कर लेगा।

**पाकिस्तानः** सलमान आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सईम अय्यूब, शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मुकीम।

**वेस्टइंडीजः** शाई होप (विकेटकीपर कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक एथनाज, जेदिया ब्लेड्स, कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड।

कैनेडियन ओपनः

# चौथे दौर में पहुंचे टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन

**टोरंटो, एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से शिकस्त देकर कैनेडियन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। टेलर फ्रिट्ज 2022 में इंडियन वेल्स में जीत के बाद अब दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। फ्रिट्ज का अगला मुकाबला 19वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा। चेक खिलाड़ी लेहेका ने 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर आगे का रास्ता तय किया। फ्रिट्ज ने मैच की शुरुआत में ब्रेक लिया और डायलो को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और हर बड़े अंक पर बढ़त बनाने की कोशिश करते दिखे। एक बार जब उन्होंने ब्रेक लेकर 3-1 की बढ़त बना ली, ऐसा लगने लगा कि जीत तय है। इसके बाद उन्होंने एक और ब्रेक लिया और आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, चौथे वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने ब्रैंडन नकाशिमा को 6-7(8), 6-2, 7-6(5) से हराकर एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 5-0 की बढ़त बना ली।

इस सीजन में दूसरी बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट (इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल) के चौथे दौर में पहुंचकर, शेल्टन अपनी 100वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल करने से बस एक कदम दूर हैं।



वह 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो कोबोली के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल करना चाहेंगे, जिन्होंने फैबियन मारोजान को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। शेल्टन इस हफ्ते अपने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग, नंबर 7 पर खेल रहे हैं। शेल्टन ने हमवतन ब्रैंडन नकाशिमा को कड़ी टक्कर देकर हराया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों की सर्विस काफी मजबूत रही। अंत में टाईब्रेकर में नकाशिमा ने आखिरी अंक पर दूसरा मिनी ब्रेक हासिल कर पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में शेल्टन ने तेज शुरुआत करते हुए 3-0 की बढ़त बनाई और फिर एक और ब्रेक लेकर सेट को अपने नाम किया। तीसरे सेट की शुरुआत में नकाशिमा ने जल्दी ब्रेक लेकर मैच का रुख बदलने की कोशिश की, लेकिन शेल्टन ने तुरंत वापसी करते हुए स्कोर 2-2 पर ला दिया। 4-5 पर जब नकाशिमा सर्व कर रहे थे, शेल्टन के पास दो मैच प्वाइंट थे, लेकिन दो छोटी गलतियों के चलते नकाशिमा ने सर्विस बचा ली।

टाईब्रेकर में शेल्टन ने शुरू से ही बढ़त बना ली और 6-3 पर तीन और मैच प्वाइंट हासिल किए। नकाशिमा ने पहले दो मैच प्वाइंट बचाए, लेकिन तीसरे, यानी कुल मिलाकर पांचवें मैच प्वाइंट पर शेल्टन ने अपना 19वां ऐस लगाकर अंततः मुकाबला जीत लिया।

# मोहम्मद सिराज तो कपिल देव बन गए! 34 सालों में पहली बार हुआ ऐसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद सिराज नहीं जनाब, कपिल देव कहिए. आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? तो इसके पीछे की वजह है सिराज का वो हैरतअंगेज कारनामा, जो उनसे पहले आखिरी बार भारतीय क्रिकेट में अगर किसी तेज गेंदबाज ने किया था तो वो कपिल देव थे. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मोहम्मद सिराज अपनी गेंदबाजी से छाए हैं. वो इस सीरीज में सबसे सफल गेंदबाज बनकर उभरे हैं. लेकिन, विकेटों के लगाए ढेर का उनके कपिल देव जैसा होने से कोई मतलब नहीं. बल्कि, हम तो ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि जो काम 34 साल पहले कपिल देव ने किया था, वो अब सिराज ने कर दिखाया है. अब सवाल है कि कपिल देव ने 34 साल पहले क्या किया था? तो उसके तार एक साल के अंदर खेली दो टेस्ट सीरीज में 150 या उससे ज्यादा ओवर डालने से जुड़ा है. कपिल देव ने ऐसा 1991-92 में किया था. अब 34 सालों बाद सिराज ने भी वही काम किया है. उन्होंने भारत के लिए एक साल के अंदर खेली दो टेस्ट सीरीज में 150 प्लस ओवर डाले हैं.



**एक साल के अंदर-दो सीरीज में 150+ ओवर**

मोहम्मद सिराज ने साल 2024-25 में ये दोनों टेस्ट सीरीज खेली. पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने 157.1 ओवर डाले. जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में वो अब तक 155.2 ओवर फेंक चुके हैं. इससे सिराज की फिटनेस के साथ-साथ टीम इंडिया के लिए उनकी उपयोगिता का भी पता चलता है.

# मकाऊ ओपन बेडमिंटनः मन्नेपल्ली के बाद लक्ष्य भी मकाऊ ओपन से बाहर, दोनों को सेमीफाइनल में मिली हार

**मकाऊ, एजेंसी।** दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए।

भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। लक्ष्य सेन और तरूण मन्नेपल्ली पुरूष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं तरूण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी । विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है, जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले आत्मविश्वास



हासिल करने के लिये यह टूर्नामेंट खेला था।2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरूआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढत बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया।

लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही । बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5-4 की बढ़त बना ली और 38 शॉट की रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11-5 की बढत थी । इसे उन्होंने 14-6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। पहले मैच में मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11-6 से बढत भी बना ली लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए।

# दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की टीम घोषितःईशान किशन कप्तान

## अभिमन्यु उप-कप्तान; सुदीप चटर्जी की अनदेखी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम की कमान भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में कई उल्लेखनीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए आकाश दीप, और युवा प्रतिभाशाली रियान पराग शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के 14 वर्षीय अंडर-19 खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में जगह दी गई है। ईशान किशन ने काउंटी चैंपियनशिप में बनाए थे दो अर्धशतक

ईशान किशन (कप्तान)= भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन-1 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दो अर्धशतक बनाए, जिसके चलते





उन्हें ईस्ट जोन का नेतृत्व करने का मौका मिला है। किशन की कप्तानी और विकेटकीपिंग के साथ-साथ उनकी आक्रामक बल्लेबाजी टीम के लिए अहम होगी।

अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान): अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। उनकी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी और अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शमी ने आईपीएल 2025 में खेला था अपना आखिरी मैच भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था, जहां नौ मैचों में छह विकेट लिए थे। उनका आखिरी प्रथम श्रेणी (फर्स्ट-क्लास) मैच नवंबर 2024 में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए था, और आखिरी टेस्ट जून 2023 में खेला था।

शमी की अनुभवी गेंदबाजी ईस्ट जोन के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकती है।

# वन अधिकारियों की मनमानी का मुद्दा गूंजा विधानसभा में

## अपनी ही सरकार में नहीं सुन रहे वन विभाग के अधिकारी, विकास कार्यों में बन रहे रोड़ा

**पन्ना।** विधानसभा में वन और राजस्व विभाग की सीमाओं को निपटाने के लिए पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि वन और राजस्व की सीमाओं का निराकरण नहीं होने से वन विभाग द्वारा राजस्व की भूमी को भी अपनी सीमाओं में बता दिया जाता है कई बार शासन के पत्र जारी करने के बाद भी स्थिति नहीं बदलती है जिससे जनता परेशान होती रहती है वन विभाग जबरन वन विभाग से लगी हुई जमीन के निर्माण कार्य को बंद करा देता है श्री सिंह ने इसके लिए वन व्यवस्थापन अधिकारी नियुक्त करने की मांग की है जिसका संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी समर्थन किया है। बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा 25 साल पहले मुख्य सचिव ने पत्र लिखकर 6 महीने में प्रकरण को निराकरण करने के लिए कहा था लेकिन आज तक निराकरण नहीं हो पाया है। प्रमुख



### बन राजस्व का मुद्दा जल्द निपटाया जाए : बृजेंद्र

सचिव राजस्व विभाग एवं वन सचिव, को पत्र लिखकर दो महीने के अंदर समीक्षा के लिए कहा गया था जिससे दोषियों पर कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री जब शिक्षा मंत्री थे तब उन्होंने पन्ना में गर्ल्स कॉलेज स्वीकृत किया था इस पर बाउंड्री वॉल जब बनाई गई तो वन विभाग ने अपनी जमीन बताकर जबरदस्ती गर्ल्स कॉलेज की दीवाल तोड़ दी जिसका संयुक्त सीमांकन करने पर 112 एकड़ जमीन राजस्व विभाग की निकली।मुख्यमंत्री जी ने जो मेडिकल कालेज स्वीकृति किया था मकलेक्टर द्वारा आबंटित जमीन पर भी वन विभाग ने आपत्ति लगा दी है। संयुक्त सीमांकन से 111 एकड़ जमीन भी राजस्व की निकली है नेशनल हाईवे 39 झांसी से इलाहाबाद में बमीठा से सतना के बीच को फोर लेन का रास्ता रुका हुआ है। विधायक श्री सिंह ने पन्ना के विकास के लिए वन विभाग को रोड़ा बताया श्री सिंह ने कहा कि 415 ऐसे हमारे वन व्यवस्थापन के पट्टे हैं जिनको राजस्व में आज तक अमल में नहीं लाया गया है श्री सिंह ने कहा कि पन्ना का 60% क्षेत्र जंगल है डेढ़ हजार से ज्यादा भू स्वामी वाले लोगों को बाहर किया जा रहा है बेदखल करने के लिए पी एस फॉरेस्ट सभी डीएफओ को पत्र भेजते है फिर हमारी क्षेत्र की जनता हमारे ओर प्रशासन के पास पहुंचते हैं और उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता है वही सदन में विधायक का जवाब राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा जहां भी ऐसी दिक्कत आती है वहां दोनों विभागों के अधिकारी बैठकर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा श्री वर्मा ने कहा कि एक भी आदिवासी नहीं हटाया जाएगा वहीं सदन में वन व्यवस्थापन अधिकारी की नियुक्ति पर वहअड़े रहे।

क्षेत्र की आम जनता की परेशानी को देखते हुए पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र वासियों की मांग को सदन में तारा अंकित प्रश्न के माध्यम से नवीन झालर के ग्रामवासी जिन्हें यह वन व्यवस्थापन के तहत वन विभाग द्वारा कृषि योग्य भूमि बनाकर मौके में सीमा चिन्हा अंकित कर काबिज किया गया था उन ग्राम वासियों को वन विभाग द्वारा कृषि कार्य से रोके जाने, ग्रामवासी को परेशान करने का मुद्दा भी विधायक द्वारा सदन में उठाया गया।

# उच्च श्रेणी शिक्षक रमेश प्रसाद सोनी को दी गई भावभीनी विदाई

**पन्ना।** पवई विकासखंड अंतर्गत शासकीय बालक माध्यमिक शाला मुड़वारी प्रांगण में सेवा निवृत्ति होने गुरुवार को उच्च श्रेणी शिक्षक रमेश प्रसाद सोनी को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और ग्राम के लोगों ने श्री सोनी द्वारा शिक्षक रहते हुए किए गए सेवा भाव और कर्तव्य निष्ठा की भूरी भूरी प्रशंसा की। साथ ही शाल, श्रीफल, कुमकुम और फूलमालाओं एवं अन्य उपहार देकर शिक्षक श्री सोनी का सम्मान कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल प्राचार्य राम सेवक प्रजापति, बीजेपी नेता राजेंद्र कुमार मिश्रा, सरपंच अरविंद दहायत, राजेंद्र प्रसाद पाठक, रामभुवन चौबे, विश्वनाथ बागरी, जागेश्वर पांडे, अमृत लाल चौधरी, राम लखन गौतम, राम प्रकाश यादव, सोने सिंह परिहार, राम लाल सिंगरौल, गुलाब बाई वर्मा, श्याम लाल वर्मा, राकेश सोनी, नंदी लाल चौधरी, सत्य कुमार वर्मा सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से लाखो का कीमती सोना लेकर फरार हुए

# सोने-चाँदी की दुकान पर काम करने वाले आरोपी कारीगर को पश्चिम बंगाल से किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से लाखो का कीमती सोना लेकर फरार हुए, सोने-चाँदी की दुकान पर काम करने वाले आरोपी कारीगर को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में फरियादी द्वारा दिनांक 18.07.25 को थाना देवेन्द्रनगर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि वह सोमनाथ यात्रा हेतु परिवार सहित दिनांक 09.07.25 को बाहर गए थे। जाने से पूर्व उन्होंने अपनी दुकान में कार्यरत कारीगर आलमगीर शेख को लगभग 250 ग्राम वजनी सोने की पत्तियाँ, आभूषण निर्माण हेतु सौंपी थीं।

यात्रा से लौटने पर फरियादी ने पाया कि दुकान और ऊपर बना रिहायशी मकान दोनों बंद हैं और कारीगर का मोबाइल भी बंद है। फरियादी की शिकायत पर आरोपी द्वारा अमानत में दी गई वस्तु का दुरुपयोग कर फरार हो जाने पर थाना देवेन्द्रनगर में मामले मे सुसंगत विभिन्न धाराओं मे प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये थे। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारम्भ की गई। लगातार पतारसी एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पश्चिम बंगाल राज्य के हुगली जिले में छिपा हुआ है। त्वरित कार्यवाही ?? नहीं 7करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी शेख आलमगीर को जिला हुगली, पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह देवेंद्रनगर स्थित दुकान मे काम करता था जहां मौके फायद उठाकर उसने सोना लेकर कुछ हिस्सा नागौद की एक दुकान में बेचा एवं शेष सोना अपने गृह जि़ला हुगली में फेरीवालों को बेचकर नगदी अर्जित की है। पुलिस टीम द्वारा मामले मे नागौद स्थित सोना खरीदने वाले दुकान मालिक सहित गिरफ्तार दोनो आरोरियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

आरोपी के कब्जे से नगद राशि 8,00,000/-(08 लाख रुपये)। सह-अभियुक्त (सोना खरीदने वाले के कब्जे से कुल 4 ग्राम 950 मिलीग्राम सोना। बरामद किया है

आरोपियों में शेख आलमगीर अली पिता शेखके कयूम अली उम्र 36 साल निवासी आरासुचिया थाना चण्डीतला जिला हुगली पश्चिम बंगाल. अतुल लक्ष्मण जगताप पिता लक्ष्मण जगताप उम्र 35 साल हाल निवासी दद्दूसागर शराफा बाजार नागौद जिला सतना।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर रामआसरे सोनकर, देवेन्द्रनगर थाना स्टाफ एवं सायबर सेल पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मुद्दों को लेकर शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** प्रदेश भर में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंप गए हैं इसी कड़ी में पन्ना जिला मुख्यालय में जिले के शिक्षकों एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों ने बृहद रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीएम को ज्ञापन सोपा है उक्त ज्ञापन में अनेक मुद्दे शामिल रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से गणना करके वेतनमान दिया जाए केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तरह राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी पेंशन स्कीम लागू की जाए 2004 से नियुक्त राज्य शिक्षा के कर्मचारियों सहित सभी विभाग के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए उक्त तमाम मांगों को ज्ञापन में शामिल किया गया है ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पुष्पराज सिंह परमार अरविंद द्विवेदी बालकृष्ण दहायत पटवारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विमल यादव आर। पी प्रजापति संजय शुक्ला जयकरण पटेल महेंद्र सिंह यादव तरन्नुम खान सुरेश कुमार यादव श्री राम अहिरवार अनीता चौबे बेटू लाल चौरसिया श्री राम विश्वकर्मा सहदेव प्रजापति राम भगत प्रजापति राजा खान सुरेश रैकवार वीरेंद्र शर्मा मोहम्मद असलम खान आलोक खरे सीमा खरे अजय कुमार राय सुनील केसरी अंशी शर्मा शहनाज बानो गोपाल कोंडर मनु राज बाजपेई जितेंद्र केसरी विद्यानंद सिंह उमेश तिवारी अंकित साहू रमेश द्विवेदी अनंतराम पाठक रमेश पटेल नरेश कुमार पाठक वीरेंद्र शुक्ला बबलू चौधरी इरशाद मोहम्मद नरेश कुमार पटेल शहर भारी संख्या में शिक्षक तथा अन्य कर्मचारी गण शामिल रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत रोपे पौधे



**पन्ना।** एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य की दिशा में सकारात्मक योगदान के उद्देश्य से पौधरोपण किया जा रहा है। इस क्रम में गत दिवस खाद्य विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम के नेतृत्व में देवेन्द्रनगर के बड़ागांव स्थित नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय एवं वेयरहाउस परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

# उत्कृष्ट विद्यालय में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में आज शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा आयोजित शिविर में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न विधिक प्रावधानों की उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में प्राधिकरण के सचिव ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम



और नियमित अध्ययन के जरिए बेहतर भविष्य की उद्देश्य पूर्ति हेतु सतत प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा प्राधिकरण कार्यालय व विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया कि न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध पाए जाने पर ही कोई भी व्यक्ति कानून के तहत अपराधी माना जाता है। विद्यार्थियों को संविधान एवं इसमें वर्णित मौलिक अधिकार व कर्त्तव्यों की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विजयलक्ष्मी प्रजापति द्वारा पॉक्सो एक्ट 2012, गुड व बैड टच के साथ बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों व उनसे संबंधित प्रावधानों की जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीराम यादव, आस्था पाठक, दीपिका पटेल, शशांक चतुर्वेदी एवं रोहित नायक द्वारा श्रम निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, वरिष्ठ नागरिक अधिकार अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील श्रीवास्तव ने किया। प्राचार्य रंजना खरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित सभी शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# तुलसी जयंती समारोह में दी गई भक्ति गायन और व्याख्यान की प्रस्तुति

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग की जनजाति लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के अंतर्गत संचालित तुलसी संस्थान चित्रकूट द्वारा दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत दूसरे दिन भक्ति गायन और व्याख्यान के साथ पुस्तक विमोचन तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट के सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह के द्वितीय दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत रीवा से श्रीमती मणिमाला सिंह और साथी कलाकारों द्वारा बघेली में राम कथा साहित्य के साथ समसामयिक सोहर, सावन आदि गीतों की प्रस्तुति जन रंजन रही तथा भोपाल से आये हुए फूल




सिंह मांडरे के सांस्कृतिक दल द्वारा बुंदेली गीतों की मनोहर प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें राम कथा के विभिन्न प्रसंगों को बुंदेली अंदाज़ में प्रस्तुत किया गया। जिससे माहौल उत्साह एवं भक्तिमय हो गया। प्रारंभिक वक्ता के रूप में डबरा से आये राम गोपाल भावुक द्वारा शम्बूक वध मिथक को प्रतिपादित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अवधेश कुमार चंसौरिया द्वारा श्री राम कथा साहित्य विषय पर सारगर्भित उद्बोधन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूज्य संत भैरव दास जी महाराज, प्रोफ़ेसर अवधेश प्रसाद पाण्डेय, अवधेश कुमार चंसौरिया, सेवानिवृत्त प्राध्यापक हिन्दी ग्वालियर तथा डॉ. रामगोपाल भावुक, तुलसी शोध संस्थान के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता के साथ सर्वप्रथम गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आचारी आश्रम के छात्र जनसमूह एवं सुधीजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अवधेश कुमार पाण्डेय ग्वालियर द्वारा एक विशेष विधा में लिखी गई पुस्तक हाइकु दर्पण का विमोचन भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद श्रीमती रवि माला सिंह, विनोद सिंह, संस्थान की ओर से रामेश्वर पटेल राधामोहन और ग्रामोदय विश्वविद्यालय से आरके पाण्डेय उपस्थित रहे।

# आकाश द्विवेदी की हुई ईरान से सकुशल घर वापसी, मुख्यमंत्री और कलेक्टर का जताया आभार

**सतना।** इजरायल-ईरान युद्ध के चलते ईरान के बंदर अब्बास सिटी में दो महीने तक फंसे रहने के बाद सतना के आकाश द्विवेदी अब वापस घर पहुंच गये हैं। आकश की सकुशल स्वदेश वापसी से घर में खुशी का माहौल बना हुआ है। आकाश द्विवेदी तथा उनके पिता चन्द्रभूषण द्विवेदी ने घर वापसी में किये गये सहयोग के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के प्रति आभार व्यक्त किया है। सतना नगर के पौराणिक टोला निवासी आकाश द्विवेदी ने बताया कि अक्टूबर 2021 में मर्चेन्ट नेवी का 6 माह का कोर्स पूरा करने के उपरांत 17 मार्च 2025 को ईरान पहुंचकर शिप ज्वाइन किया। शुरूआत में एक से डेढ माह तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा।

# निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक किया दोगुना

### ईआरओ और एईआरओ को भी मिलेगा मानदेय

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। आयोग ने पहली बार ईआरओ (निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) और एईआरओ (सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) को भी मानदेय देने का निर्णय लिया है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र की नींव हैं। मतदाता सूची तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ निभाते हैं। इनकी मेहनत से ही सटीक और पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार होती हैं। बीएलओ की वार्षिक पारिश्रमिक राशि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दिया गया है, जबकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अब 1000 रुपये से बढ़ाकर 2 हजार रुपये कर दी गई है। ठस्व् पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये किया गया है। इसके अलावा ईआरओ को अब 30 हजार रुपये और एईआरओ को 25 हजार रुपये का मानदेय मिलेगा। इससे पहले इन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता था। आयोग ने बिहार में शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए बीएलओ को अतिरिक्त 6 हजार रुपये के विषेश प्रोत्साहन को भी मंजूरी दी है।

# स्मार्ट सिटी के पूर्ण कार्यों को जनोपयोगी बनाये रखने संधारण की कार्य योजना बनायें : गणेश

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**सतना।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में स्मार्ट सिटी सतना के कार्यों की समीक्षा करते हुये सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि सतना स्मार्ट सिटी के पूर्ण हो गये कार्यों के संचालन और संधारण के लिये तथा कार्यों को जनोपयोगी बनाये रखने नगर निगम कार्य योजना बनाकर क्रियान्वित करे। सांसद श्री सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं, जिले की विकास परियोजनाओं एवं एनएचएआई, गरीब कल्याण योजना, जल जीवन मिशन, बरगी बांध के नहर निर्माण की समीक्षा की गई। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह, डीएफओ मयंक चांदीवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, सुखवंती बाई बुनकर सहित विभाग प्रमुख जिला अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी के काम क्वालिटी के साथ समय पर पूरे होने चाहिये। इसके लिये संबंधित विभाग और एजेंसी पर जिम्मेदारी निर्धारित करें। सतना स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट की समीक्षा में बताया गया कि 943 करोड 27 लाख रूपये लागत के कुल 74 प्रोजेक्ट में 542 करोड 25 लाख रूपये लागत के 60 प्रोजेक्ट पूरे कर लिये गये है। जबकि 401 करोड 2 लाख रूपये लागत के 14 प्रोजेक्ट कार्य प्रगतिशील है। सांसद ने कहा कि नगर निगम के सीवर प्रोजेक्ट सहित अन्य कार्यों में बरसात के समय सावधानी बरती जाये और खुदाई तथा रेस्टोरेशन का कार्य बरसात में बंद होने पर अन्य पक्के कार्य किये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत योजनावार लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी लेते हुए सांसद ने इनका प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये। बरगी बांध के दाई तट नहर के कार्यो के समीक्षा के दौरान सांसद श्री सिंह ने कहा कि दिसंबर 2025 तक स्लीमनाबाद टनल से सतना की ओर पानी लाने में सक्षम होंगे। तब तक नागौद तक की मुख्य कैनाल को दुरूस्त रखने की कार्यवाही प्राथमिकता के रूप में करें। बारिश के दौरान निर्माण कार्यों के अतिरिक्त जो भी अडचने हों उन्हें दूर कर लिया जाये।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के तहत किसानों को साढ़े 20 हजार करोड़ रूपये की राशि अंतरित

## कृषि और किसान केन्द्र और राज्य सरकार के प्राथमिकता के केन्द्र बिन्दु : गणेश सिंह

**सतना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी उत्तरप्रदेश से आयोजित कार्यक्रम में देश भर के 9 करोड 70 लाख से अधिक किसानों को 20 हजार 500 करोड रूपये की सम्मान राशि का अंतरण किसानों के खाते में किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20वीं किस्त का वितरण का सीधा प्रसारण ग्राम पंचायत, मण्डी, कृषि विज्ञान केन्द्र, एफपीओ, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में भी देखा गया। सतना जिले में किसान दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में नगरीय विकास




एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद श्री गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उत्तरप्रदेश के वाराणसी से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से देश के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 20वीं किश्त का हस्तांतरण किया। वाराणसी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र में देखा गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए अनेकों योजनाओं पर निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश का किसान समृद्ध होकर विकसित भारत की ओर बढ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान आधुनिक और उन्नति खेती से जुड सके और आधुनिकता के साथ खेती कर अपनी आय बढाये तथा विकसित भारत के संकल्प पूरा करने में अपना योगदान करें। राज्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सहित अनेक अनुदान की योजनायें चला रही है। किसान कृषि पैटर्न में बदलाव लाकर और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक स्थिति सुदृढ कर सकते हैं। सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के निरंतर विकास के लिए किसान सम्मान निधि एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से सीधे कृषकों का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार ने कृषि और किसानों को अपने प्राथमिकता के बिन्दु में रखा है। पहले कृषि विभाग का बजट 21-22 हजार करोड हुआ करता था। वर्तमान सरकार ने इसे बढाकर अब 1 लाख 79 हजार करोड तक पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के अंतरण में सतना जिले के 1 लाख 56 हजार 943 किसानों के खाते में 21 करोड 89 लाख रूपये की राशि पहुंची है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 03 अगस्त 2025 | 8


रीवा संभाग में मातृ मृत्युदर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण एवं गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्नेह अभियान शुरू किया गया है।



## एपीएस के रसायन शास्त्र विभाग में आचार्य प्रफुल्ल चंद्रे की जयंती का हुआ आयोजन



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के अंतर्गत संचालित रसायन शास्त्र विभाग में आचार्य प्रफुल्लचंद्ररे की जयंती के शुभ अवसर पर रसायन विज्ञान दिवस मनाया गया। इस विज्ञान दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेंद्र कुमार कुरड़िया विशिष्ट अतिथि के रूप में कुल सचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह, मुख्य वक्ता के रूप में रिटायर्ड प्राचार्य प्रोफेसर एमयू.खान उपस्थित थे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. कमलेश मिश्रा, द्वारा प्रस्तुत किया गया जब कि पूरे प्रोग्राम के बारे में विभागाध्यक्ष प्रो.आर. एन. पटेल द्वारा अवगत कराया गया। उनके षोध कार्यो, सामाजिक कार्यो ,वं स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी मे आचार्य रेसच्चे देष भक्त थे। उनका कहना था कि विज्ञान प्रतीक्षा कर सकता है पर स्वराज नहीं। उन्होंने ,एक लघु उद्योग के रूप में देसी सामग्री की मदद से औषधियों का निर्माण षुरू किया। बाद मे जो , बड़ेकार खाने का स्वरूप ग्रहण किया जो आज बंगाल केमिकल्स, एण्ड फार्मास्यूटिकल वर्क्स के नाम से जाना जाता हैं। कुलगुरु ने अपने उद्बोधन में प्रफुल्ल चंद्र को राष्ट्र संत कहा जिन्होंने अपनी पूरी कमाई देश हित और जन सेवा में समर्पित कर दिए हैं। पूरा जीवन का संघर्ष मेंथा। अगर लगन और समर्पित भाव से काम किया जाए तो जहां हार सुनिश्चित होताहै। वहीं से जीत का रास्ता खुल जाता है। वही कुलसचिव द्वारा अपने उद्बोधन में अवगत कराया कि रसायन शास्त्र विभाग के छात्रों को प्रायोगिक कार्य ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। प्रायोगिक कार्य से भागना नहीं चाहिए। आचार्य प्रफुल्ल चंद्रे एक साइंटिस्ट नहीं थे बल्कि वह चिंतक और समाज सुधारक भी थे। जाति प्रथा के घोर विरोधी थे, क्योंकि उनका कहना था कि जो भी ईश्वर के बनाए गए मानव हैं सब एक समान हैं और उन्होंने अपना पूरा वेतन समाज सेवा वजन कल्याण मे लगा दिए। उन्हें मानदडी. एस-सी की उपाधि प्राप्त हुई थी। मुख्य वक्ता प्रो. एम.यू. खान द्वारा मर्क्यूर सनाइट्रेट के बारे मेंडिटेल से अवगत कराये। साथ ही अमोनियम नाइट्रइट के बारे मेंडिटेल से अवगत कराया तथा उनके पूरे रिसर्च के संबंध में बताया गया।

डॉ. नीतू पटेल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.दिनेश प्रजापति द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से विभाग के कार्यक्रम शिक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ.सतीश पटेल, डॉ.रोशन पटेल, डॉ.देवस्य प्रताप सिंह, डॉ.राजीव मिश्रा, डॉ.कौशलेश तिवारी, डॉ.संजय द्विवेदी, डॉ. अनुपम मिश्रा, जय प्रकाष सोनी, पूनम कोरी, बैजनाथ कोल, नीरज साहू, अषाराम बौद्ध, व छात्र आयुष तिवारी, अंजलि तिवारी, आदर्श सिंह, सृष्टि शुक्ला, अंबालिका आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उप मुख्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 3 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे से रेलवे स्टेशन रीवा में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रीवा से पुणे ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे संजय गांधी हास्पिटल नवीन सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे से पचमठाधाम में आयोजित कावड़ यात्रा और भंडारे में शामिल होंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री श्री कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में शाम 5.30 से आयोजित भारतीय संस्कृति उत्थान कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री रात 7.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## निगम क्षेत्रांतर्गत बिना अनुमति होर्डिंग, विज्ञापन बोर्ड लगाने वालो पर कार्यवाही निरन्तर जारी




**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत बिना अनुमति होर्डिंग, विज्ञापन बोर्ड लगाने वालो पर कार्यवाही निरन्तर जारी है। आउटडोर मीडिया नियम के तहत 02 अगस्त को मिश्रा पेट्रोल पंप से लेकर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने तक अवैध होर्डिंग पर कार्रवाई के साथ ही रूपये 14000 की चालानी कार्रवाई की गई साथ ही समझाइस दी गई कि दुकानदार नगर निगम से अनुमति प्राप्त कर ही होर्डिंग एवं विज्ञापन बोर्ड लगाये अन्यथा चलानी के साथ वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्यवाही में सहायक आयुक्त सुश्री शीतल भलावी के साथ अतिक्रमण सहायक श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी एवं अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में किया जा रहा वृक्षारोपण



**रीवा।** पर्यावरण संतुलन बनाये रखने तथा धरती माता को हरियाली की चूनर पहनाने के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देशानुसार संभाग के सभी जिलों में विभिन्न विभागों के द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस क्रम में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती शशि श्याम उइके ने विभागीय अधिकारियों के साथ बाल विकास परियोजना रीवा ग्रामीण के आंगनवाड़ी केन्द्र खैर में पौधे रोपित किए। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आर.पी. सिंह ने बताया कि सीधी में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ने प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में पौधे रोपित किए। शासकीय पीएम श्री कॉलेज सतना तथा शासकीय महाविद्यालय चुरहट में भी पौधे रोपित किए गये। कृषि विभाग द्वारा किसानों के सहयोग से एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधे रोपित किए जा रहे हैं। उप संचालक कृषि कार्यालय रीवा परिसर में 28 जुलाई को पौधे रोपित किए गये। सतना, सिंगरौली तथा सीधी में उप संचालक कृषि कार्यालय परिसर तथा किसानों के द्वारा फलदार पौधे रोपित किए गये। जिला आयुष कार्यालय सीधी में औषधीय पौधे गुड़मार एवं पुत्रजीवा का रोपण किया गया। जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय सतना ने 31 जुलाई को समारोह पूर्वक पौधे रोपित किये गये।

## भारतीय हिन्दू महासंघ कॉवड़ यात्रा का करेगा भव्य स्वागत

**रीवा।** भारतीय हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी पुल के पास विश्वकर्मा घाट से भव्य कॉवड़ यात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी जो जय स्तम्भ होते हुए स्टेचू चौराहा पहुंचेगी जहां पर भारतीय हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कॉवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया जायेगा। श्री सोनी ने बताया कि कॉवड़ यात्रा स्टेचू चौराहा से सिन्धी चौराहा, एस.के.स्कूल होते हुए पचमठ धाम पहुंचेगी जहां पर आदि शंकराचार्य के द्वारा स्थापित शिवलिंग का जलाभिषेक किया जायेगा। श्री सोनी ने हिन्दू धर्मावलंबियों से कॉवड़ यात्रा के स्वागतार्थ उपस्थित होने की अपील की है।

## गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए शुरू हुआ स्नेह अभियान



**रीवा।** रीवा संभाग में मातृ मृत्युदर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण एवं गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्नेह अभियान शुरू किया गया है अभियान के तहत संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती शशि श्याम उइके ने रीवा जिले के रीवा ग्रामीण परियोजना के खैर सेक्टर से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संयुक्त संचालक ने गर्भवती महिला श्रीमती पूनम विश्वकर्मा के घर जाकर गृह भेंट की। गर्भवती महिला को गर्भावस्था की सावधानियों, पूरक पोषण आहार तथा स्वास्थ्य की नियमित देखभाल की समझाइश दी गयी। उसके परिवार के सदस्यों को गर्भवती की सेवा और समय पर पौष्टिक भोजन देने की समझाइश दी गयी। संयुक्त संचालक ने गर्भवती महिला की गोद भराई कराई और पौष्टिक आहार से भरी हुई टोकरी का उपहार दिया। संयुक्त संचालक तथा अन्य अधिकारियों ने गर्भवती महिला के घर में ही उसके साथ भोजन किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, सुपरवाइजर सपना राय त्रिपाठी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हमीदा बानो, सुषमा और प्रीति उपस्थित रहीं।

## जिले में अब तक 493 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 493.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में 2 अगस्त को 10.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन तहसील हुजूर गुढ़ में सर्वाधिक 17 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून अब तक तहसील हुजूर में 648.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 476.1 मिलीमीटर, गुढ़ में 718 मिलीमीटर, सिरमौर में 501.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 294 मिलीमीटर, सेमरिया में 507 मिलीमीटर, मनगवां में 518 मिलीमीटर तथा जवा में 287 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 199.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 3 अगस्त को



**रीवा।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की हर 4 माह में होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 3 अगस्त 2025 रविवार को बुरहानपुर /ब्रह्मपुर में इस बार आयोजित हो रही है बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर छात्रवीर सिंह राठौड़ जी करेंगे बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर जी एवं प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम मणि अग्निहोत्री भी उपस्थित रहेंगे बैठक में संगठनात्मक ,रचनात्मक और विचार आत्मक कार्यक्रमों की योजना बनेगी ,,गुरु वंदन कार्यक्रम ,गुरु छाया कार्यक्रम ,हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ , ई अटेंडेंस ,मॉडल क्लस्टर ,वार्षिक सदस्यता मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान की योजना पर मंथन, शिक्षकों की मांगों चतुर्थ समय मान,पदोन्नति नियुक्तिदिनांक से वरिष्ठता, पुरानी पेंशन एवं शिक्षकिय समस्याओं पर चर्चा की जाएगी उक्त बैठक में रीवा संभाग एवं जिला रीवा के अपेक्षित पदाधिकारी दल में डॉक्टर कौशलेंद्र मणि त्रिपाठी ,सुदीप पाण्डेय,विजय पाण्डेय,अरुण द्विवेदी ,अविनाश गौतम को पूर्व जिला परियोजना समन्वयक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक 3रीवा के सम्मानित प्राचार्य श्री आर एल दीपंकर, जिला अध्यक्ष जितेंद्र चतुर्वेदी ,उपाध्यक्ष रामायण मिश्र ने अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए कुशल सुखद और मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए दल को रवाना किया।

## टी.आर.एस. कॉलेज में छात्रों को मिला मानसिक स्वास्थ्य का मार्गदर्शन

**रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा में म.प्र. शासन के उच्च शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वावधान में उमंग- उच्च शिक्षा एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्कीनिंग विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को समग्र विकास की आधारशिला बताया और कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना समय की मांग है। डॉ. महानन्द द्विवेदी (प्रशासनिक अधिकारी) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. के.वी. गौतम (डी.एच.ओ., नोडल उमंग हायर एजुकेशन), डॉ. राविन गोयल (मनोरोग विशेषज्ञ), डॉ. सुनील अवस्थी (नोडल, एनसीडी), डॉ. विष्णु प्रताप सिंह (जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक), डॉ. सवा हुसैन (ब्लड बैंक प्रभारी), एवं श्रीमती अल्का सिंह (उमंग काउंसलर) ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, चिंता, अवसाद, स्क्रीनिंग की प्रक्रिया और परामर्श की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी दी।

मुख्य वक्ताओं ने कहा कि बदलते सामाजिक वातावरण, तकनीकी दबाव एवं प्रतिस्पर्धा के दौर में युवाओं का मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे समय रहते मानसिक असंतुलन की पहचान कर समुचित परामर्श एवं उपचार से छात्र जीवन को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

## शहर में अतिक्रमण पर रोकथाम हेतु नगर निगम अमले द्वारा की जा रही निरंतर कार्यवाही



**रीवा**

निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर में अतिक्रमण पर रोकथाम हेतु नगर निगम अमले द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 02 अगस्त को नगर निगम टीम ने वार्ड क्रमांक 42, जगन्नाथ मंदिर के सामने औद्योगिक क्षेत्र की सड़क पर नाले के ऊपर और सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की। अतिक्रमणकारियों द्वारा नाले के ऊपर स्थायी निर्माण कर कब्जा किया गया था, जिससे नाले में जलनिकासी अवरुद्ध हो रही थी। इससे वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। उक्त समस्या के निराकरण हेतु नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए नाले के ऊपर जो अवैध निर्माण कर कब्जा किया गया था, उसे तोड़ने की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि लगभग एक माह पूर्व अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश का पालन न करने पर शनिवार को कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर निगम टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से करीब 20 घरों द्वारा किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया। इस दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस बल मौजूद रहा। उक्त कार्यवाही में सहायक यंत्री श्री पीएन शुक्ला एवं उपयंत्री, अतिक्रमण सहायक के साथ अतिक्रमण अमला उपस्थित रहा।

## स्वतंत्रता दिवस आयोजन संबंधी बैठक 4 अगस्त को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 4 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस आयोजन संबंधी बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर कार्यालय के मोहन सभागार में टीएल बैठक के उपरांत दोपहर एक बजे से आहूत बैठक में स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारियों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

## खनि रियायत स्वीकृति संबंधी बैठक का आयोजन 13 अगस्त को

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में वन सीमा से 25 मीटर की परिधि में आने वाली भूमियों के खनि रियायत में स्वीकृति के संबंध में बैठक का आयोजन 13 अगस्त को शाम 4 बजे किया गया है। बैठक में सीधी एवं मैहर जिले से प्राप्त प्रस्तावों में खनिज पट्टा स्वीकृति के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा।

## उर्वरक विक्रय लायसेंस निरस्त

**रीवा।** मेसर्स इन्द्रलाल गुप्ता गंगेव का उर्वरक विक्रय लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उर्वरक गुण नियंत्रण कार्यक्रम 2025-26 के तहत संबंधित विक्रेता के यहां से सिंगल सुपरफास्फेट का नमूना जांच में अमानक पाया गया था तदनुक्रम में रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास यूपी बागरी द्वारा मेसर्स इन्द्रलाल गुप्ता का उर्वरक विक्रय लायसेंस निरस्त कर दिया गया है। उर्वरक के शेष स्कन्ध को 30 दिवस में विक्रय की अनुमति दी गयी है। नियत अवधि के अनुसार स्टाक का अधिग्रहण कर लिया जायेगा।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833